दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 309
कोटद्वार सोमवार
20 मार्च 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## जंगली हाथियों ने कालोनी की दीवार तोड़ी, दहशत

**हरिद्वार।** पथरी क्षेत्र के गांव मिस्सरपुर में बीती रात हाथियों ने दीवार तोड़कर कॉलोनी में प्रवेश किया। जिसके बाद यहां हड़कंप मच गया। लोगों ने हाथियों को भगाने का प्रयास किया। लेकिन वह इसमें सफल नहीं हुए। सूचना पर वन प्रभाग की टीम पहुंची और कड़ी मसक्कत के बाद हाथियों को कॉलोनी से बाहर निकाला। गांव मिस्सरपुर स्थित आवासीय कॉलोनी में रविवार तड़के हाथियों का एक झुंड खेतों से निकलकर कॉलोनी मे घुस गया और राजेश सैनी व राकेश सैनी के मकान की दीवार तोड़ दी। हाथियों के कॉलोनी में घुसने से कॉलोनी वालों ने शोर शराबा कर हाथियों को वहां से भगाने का काफी प्रयास किया। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के कर्मचारी रात में गस्त नहीं करते हैं। ग्रामीण सुनील, राजेश, सुशील, दीपक, रोहित, जगदीश, मुन्ना, चरण सिंह ने वनप्रभाग से नुकसान के मुआवज़े व रात में कॉलोनी के नजदीक गस्त की गुहार लगाई है। उपवन क्षेत्र अधिकारी गजेंद्र सिंह ने बताया हाथी ने जो दीवार तोड़ी है उसका मुआवजा दिया जाएगा। रात में गश्त भी लगाई गई है।

## केदारनाथ सहित हिमालय की उंची पहाड़ियों में बर्फबारी

**रुद्रप्रयाग।** बीते दो दिनों से जनपद में मौसम पूरी तरह बदल गया है। केदारनाथ सहित ऊंची पहाड़ी वाले स्थानों पर बर्फबारी हो रही है जबकि मुख्यालय सहित निचले कस्बों में रिमझिम बारिश जारी है। मौसम के बदलाव के चलते हल्की सी ठंडक हो गई है। केदारनाथ धाम में बर्फबारी के कारण यात्रा तैयारियों में जुटे अधिकारी, कर्मचारी एवं मजदूरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीती सांय से मुख्यालय सहित अधिकांश स्थानों पर हल्की बारिश हो रही है। शनिवार को भी रिमझिम बारिश होती रही। वहीं केदारनाथ में बर्फबारी हो रही है। केदारनाथ धाम में यात्रा तैयारियों का निरीक्षण कर रही टीम को रास्ते में बर्फबारी से दिक्कतें हुईं। केदारनाथ और आसपास के इलाकों में 4 इंच नई बर्फ गिर गई है। आगामी कुछ दिन इसी तरह का मौसम रहा तो केदारनाथ से लिंचौली तक पैदल मार्ग में फिर से बर्फ जमा होगी। जबकि डीडीएमए को दोबारा बर्फ साफ करनी पड़ेगी। इधर, मद्महेश्वर और चन्द्रशिला में भी बर्फबारी हुई है। केदारनाथ में बीकेटीसी के सीईओ योगेंद्र सिंह ने बताया कि बीती सांय से केदारनाथ में बर्फबारी हो रही है। केदारनाथ से लिंचौली तक बर्फ गिर रही है। यात्रा व्यवस्थाओं से संबंधी तैयारी लगातार जारी है। मौसम ठीक होते ही युद्ध स्तर पर कार्य किया जाएगा।

## पंजाब के घटनाक्रम पर जिले की पुलिस भी अलर्ट

**काशीपुर।** पंजाब में थाने पर हमला कर आरोपियों को छुड़ाने वाले अमृतपाल सिंह के विवादित सोशल मीडिया ग्रुप वारिस पंजाब दे पर लाइक और कमेंट करने वाले लोगों को पुलिस चिह्नित करने में जुटी है। पुलिस अब तक 18 लोगों से पूछताछ कर इनका डोजियर भर रही है। साथ ही भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति होने पर मुकदमा दर्ज करने की चेतावनी भी दी दे रही है। पंजाब में चल रहे घटनाक्रम को देखते हुए ऊधमसिंह नगर पुलिस भी अलर्ट पर है। पुलिस का सोशल मीडिया सेल लगातार ऐसे लोगों को चिह्नित कर रहा है। जो अमृतपाल के सोशल मीडिया ग्रुप वारिस पंजाब दे पर एक्टिव है। साथ ही लाइक और कमेंट कर रहे हैं। मीडिया सेल ने बाजपुर कोतवाली क्षेत्र के करीब तीन दर्जन लोगों को चिह्नित कर उनकी सूची पुलिस को दी है।

### सीएम धामी ने किया उत्तराखण्ड आयुर्वेद विवि ऋषिकुल में आयोजित प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय पशु चिकित्सा एवं आयुर्वेद संगोष्ठी में प्रतिभाग

# आयुर्वेद हमारी समृद्ध प्राचीन विरासत का अभिन्न अंग है: सीएम




**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को उत्तर-खण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय ऋषिकुल के सभागार में आयोजित प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय पशु चिकित्सा एवं आयुर्वेद संगोष्ठी में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारत वैदिक काल से ही आयुर्वेद द्वारा पशुधन स्वास्थ्य के क्षेत्र में पारंपरिक ज्ञान को लागू करने वाला प्रमुख देश रहा है। उन्होंने कहा कि ''सर्वे संतु निरामया'' का संदेश देने वाला पंचम वेद अर्थात आयुर्वेद हमारी समृद्ध प्राचीन विरासत का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने ''पंचप्राण'' विकास रणनीति में देश के विकास लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपनी इसी समृद्ध प्राचीन विरासत और पारंपरिक ज्ञान को सहेजने पर जोर दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति ही नहीं अपितु आदर्श जीवन जीने का तरीका भी है। यह मात्र बीमारियों का इलाज नहीं करता बल्कि आयुर्वेद को अपनाकर हम अपने शरीर को बीमार होने से रोक सकते हैं। उन्होंने कहा कि पशुधन हमारे देश की बड़ी ताकत है, जिन्हें बचाना हमारा प्रमुख कर्तव्य है और मानव संसाधन के साथ ही आयुर्वेद के प्रयोग द्वारा हम अपने पशुधन को भी रोगमुक्त रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेदिक पशु चिकित्सा द्वारा पशुओं के रोग निवारण और रोग नियंत्रण के लिए प्रदेश में मौजूद हर्बल संसाधनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोराना काल में हम आयुर्वेद का महत्व अच्छी तरह समझ चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने वर्तमान में मनुष्यों से भी अधिक पशुओं में एंटीबॉयोटिक्स का इस्तेमाल करने पर चिन्ता व्यक्त करते हुये कहा कि यह स्थिति पशुओं के लिए ही नहीं, बल्कि हमारे लिए भी अत्यंत हानिकारक है, जिसे हम आयुर्वेद को अपनाकर ही नियंत्रित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में जड़ी-बूटियों का भण्डार होने के कारण यहां आयुर्वेद का और भी अधिक महत्व है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को प्रकृति का वरदान है। यहां अनेकों नदियां बारहों महीने बहती हैं तथा 71 प्रतिशत भू-भाग वनों से अच्छादित है तथा हर क्षेत्र में अब पहाड़ का पानी व जवानी दोनों काम हा रही हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से आयुष और आयुर्वेद के क्षेत्र में हम निरंतर कार्य कर रहे हैं और आयुर्वेद से होने वाले लाभों को आमजन तक पहुंचाने के लिए भी प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 300 आयुष हैल्थ व वेलनेस केन्द्रों के संचालन एवं 150 पंचकर्म केन्द्रों की स्थापना के लिए प्राथमिकता के साथ कार्य कर रही है। आयुर्वेद, होम्योपैथी व नेचुरोपैथी के विकास द्वारा रोजगार व आर्थिकी को भी व्यापक विस्तार देते हुये, इसके लिए हम प्रयासरत हैं।

उन्होंने बताया कि हमारी सरकार ने प्रदेश में राज्य पशुधन मिशन शुरू किया है, इसके तहत 60 करोड़ का निवेश किए जाने की योजना बनाई गई है। इससे सात हजार पशुपालकों को प्रत्यक्ष और दस हजार पशुपालकों को अप्रत्यक्ष रोजगार का अवसर मिला है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के गांवों में दुनिया की सबसे समृद्ध और सबसे कुशल पशु स्वास्थ्य परंपरा मौजूद है। यह ज्ञान पशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में पशु चिकित्सा सेवाओं को भी मजबूती प्रदान करने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है और इस दिशा में गंभीरतापूर्वक कार्य भी किये जा रहे हैं और आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिये पशु चिकित्सालयों में आयुर्वेद से संबंधित औषधियों की आपूर्ति बढ़ाने का कार्य निरन्तर किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हम जहां एक ओर अंत्योदय के लक्ष्य को लेकर लगातार कार्य कर रहे हैं वहीं ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ ही सबका प्रयास'' के मंत्र को लेकर पशुधन विकास और आयुष सहित अनेकों क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने इस बार के बजट में स्थानीय निकायों में पशुधन, गौ सदन के निर्माण के लिए 14.15 करोड़ का प्रावधान किया है वहीं, गौ पालन योजना के लिए 2.79 करोड़ का प्राविधान भी अलग से किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण व संतुष्टि के मंत्र के तहत निरन्तर कार्य कर रही है तथा आजादी के अमृत काल में उत्तर-खण्ड की महत्वपूर्ण भूमिका होनी वाली है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का है और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हम निरंतर कार्य कर रहे हैं तथा सर्वश्रेष्ठ उत्तराखण्ड निर्माण के विकल्प रहित संकल्प की पूर्ति में सभी का सहयोग अपेक्षित है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने गंगा, गौमाता व पर्यटन पर विस्तृत प्रकाश डाला।

समारोह में बोलते हुये स्वामी बाबा रामदेव ने कहा कि आयुर्वेद का जितना महत्व है, उतना ही गौमाता का भी है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के माध्यम से गंभीर से गंभीर बीमारियों का इलाज सम्भव है तथा आयुर्वेद का भविष्य उज्वल है। इस अवसर पर के.एन. राघवेन्द्र, कुलपति उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय प्रोफेसर सुनील जोशी, डॉ0 हेमेन्द्र यादव, प्रेम चन्द्र शास्त्री, हरिशंकर शर्मा, रानीपुर विधायक आदेश चौहान, पूर्व विधायक लक्सर संजय गुप्ता सहित सम्बन्धित पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

## यूपी में बिजली कर्मियों की हड़ताल खत्म, उत्तराखंड ने ली राहत की सांस

**देहरादून।** उत्तर प्रदेश में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल खत्म होने से उत्तराखंड में अफसरों ने राहत की सांस ली है। यूपी की हड़ताल से उत्तराखंड में भी पावर सप्लाई सिस्टम को दिक्कत खड़ी होने की आशंका थी। उत्तराखंड के बिजली कर्मचारियों ने भी यूपी की हड़ताल को अपना नैतिक समर्थन दिया था।

यूपी के बिजली कर्मचारी 15 सूत्रीय मांगों के निस्तारण की मांग को लेकर हड़ताल पर चले गए थे। हड़ताल के दौरान यूपी से सटी और यूपी से आने वाली ट्रांसमिशन लाइनों से सप्लाई ठप होने का खतरा बढ़ गया था। इस खतरे को देखते हुए सरकार ने ऊर्जा के तीनों निगमों के मैनेजमेंट को पावर सप्लाई सिस्टम मजबूत बनाए रखने के निर्देश जारी कर दिए थे। यूजेवीएनएल को हाइड्रे पावर प्लांट, पिटकुल को ट्रांसमिशन लाइन और यूपीसीएल को सप्लाई लाइनों पर नजर रखने के निर्देश दिए थे। सभी कर्मचारियों को अलर्ट मोड पर रहने की हिदायत दी गई थी। रविवार को दोपहर बाद यूपी में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त होने की विधिवत घोषणा होते ही तीनों निगमों के मैनेजमेंट ने राहत की सांस ली।

### अब तक का सबसे बड़ा खुलासा

# आईएसआई के संपर्क में था अमृतपाल, बना रहा था आनंदपुर खालसा फोर्स

जालंधर (पंजाब), एजेंसी। खालिस्तान समर्थक और 'वारिस पंजाब दे' संगठन के प्रमुख अमृतपाल सिंह का पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ कनेक्शन सामने आया है। पुलिस का दावा है कि अमृतपाल आईएसआई की मदद से



आनंदपुर खालसा फोर्स बनाने की तैयारी में था। उसके घर व साथियों से बरामद हथियारों पर एकेएफ (आनंदपुर खालसा फोर्स) लिखा मिला है। साजिश के तहत धर्म के नाम पर नफरत फैलाकर पंजाब में माहौल बिगाड़ा जा रहा था। उसे विदेशी फंडिंग होने का भी शक है। जालंधर रेंज के डीआईजी स्वप्न शर्मा ने अमृतपाल के संबंध पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी से होने की पुष्टि की है।

डीआईजी स्वप्न शर्मा ने बताया कि जिस मर्सिडीज गाड़ी में अमृतपाल घूमता था, वह पुलिस एनकाउंटर में मारे गए नशा तस्कर रणदीप के भाई की है। गाड़ी के बारे में पूरी जांच की जा रही है। इस गाड़ी के लिए पैसा कहां से आया और उससे अमृतपाल के क्या संबंध है? उधर, काउंटर इंटेलिजेंस के आधिकारिक सूत्रों के मुताबकि अमृतपाल सिंह दुबई में ट्रक ड्राइवर के रूप में काम करता था। वह दुबई में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के संपर्क में आया। अमृतपाल को धर्म के नाम पर भोले-भाले युवाओं को फंसाने के लिए कहा गया है। इसके लिए पैसा आईएसआई देगी।

अमृतपाल का कनेक्शन यूनाइटेड किंगडम (यूके) से भी जुड़ रहा है। उसके यूके स्थित सिख कट्टरपंथी और शिरोमणि अकाली दल (मान) के उपाध्यक्ष अवतार सिंह खंडा के साथ लिंक है। खंडा आतंकवादी जगतार सिंह तारा का करीबी है। पाकिस्तान में रह रहे खालिस्तानी नेताओं द्वारा नई दिल्ली में नेताओं पर हमला करने और पंजाब में धर्म के नाम पर नफरत फैलाने की साजिश रची जा रही थी। इसमें इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन के चीफ लखबीर सिंह रोडे कमांड कर रहा था और अप्रत्यक्ष रूप से अमृतपाल सिंह उसके संपर्क में था।

## पंजाब में दहशत का माहौल बनाने से गुरेज करें सरकारें, नौजवानों को भी दी नसीहत: ज्ञानी हरप्रीत सिंह



**अमृतसर (पंजाब), एजेंसी।** खालिस्तान समर्थक व जत्थेबंदी वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल के खिलाफ एक्शन के बीच श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने शांति बनाए रखने की अपील की है। ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने सरकारों को सियासी फायदों के कारण पंजाब में दहशत का माहौल बनाने से गुरेज करने को कहा है। उनका कहना है कि ये जनता में रहकर अपने हकों की बात करने वाले नौजवान हैं। उन्हें नाजायज गिरफ्तार करने से सरकारें गुरेज करें। ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने कहा कि पंजाब के इतिहास में जख्म अभी मौजूद हैं, जिन्हें भरने के लिए सरकारों ने भी प्रयास नहीं किया। सिख नौजवानों में सरकारों की तरफ से किए गए बर्ताव के चलते असंतोष है। सरकारें सिख युवकों के जज्बातों के साथ खेलकर उन्हें दृष्टिहीन करने और बलि के बकरे बनाने के लिए मौके तलाशने में रहती हैं। ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने अपने संदेश में सिख नौजवानों को भी नसीहत दी है। उन्होंने सिख युवाओं को संदेश दिया कि वे भी टकराव का रास्ता अपनाने से गुरेज करें।

# नीलकंठ मार्ग पर वाहन दुर्घटनाग्रस्त, दो बच्चों और एक युवती की मौत, 10 लोग घायल

**ऋषिकेश।** लक्ष्मणझूला-नीलकंठ मोटर मार्ग पर पीपलकोटी से करीब दो किमी पहले एक बैंड पर रुद्रपुर ऊधम सिंह नगर का एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन में 13 लोग सवार थे। घटना में दो मासूम और एक युवती की मौत हो गई। अन्य घायलों का एम्स में उपचार चल रहा है।



रविवार करीब 3.30 बजे रुद्रपुर ऊधम सिंह नगर के एक ही परिवार के 13 लोग वाहन में सवार होकर नीलकंठ दर्शन के लिए जा रहे थे। पीपलकोटी से करीब दो किमी पहले वाहन दुर्घटनाग्रस्त होकर करीब 150 मीटर नीचे खाई में गिर गई।

वाहन के पीछे से जा रही राजाजी टाइगर रिजर्व पार्क अंतर्गत गौहरी रेंज की वन टीम ने वाहन को खाई में गिरता देखा। वन कर्मचारियों ने आसपास लोगों और थाना लक्ष्मणझूला पुलिस को इसकी सूचना दी।

मौके पर पहुंचे लोग और वन कर्मचारियों की मदद से घायलों को एसपीएस राजकीय चिकित्सालय में भर्ती किया गया। चिकित्सकों ने अस्पताल में दो मासूम और एक युवती को मृत घोषित कर दिया। इसके अलावा अन्य घायलों की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर एम्स रेफर कर दिया।

थाना लक्ष्मणझूला प्रभारी निरीक्षक विनोद गुसाईं ने बताया कि घटना रविवार शाम करीब 3.30 बजे की है। वाहन में गली नंबर एल, कस्तूरी वाटिका रुद्रपुर ऊधम सिंह नगर निवासी सुरेश (35) पुत्र चैनसुख, पुष्पा देवी (30) पत्नी सुरेश, दिव्यांश (6) पुत्र सुरेश, दिप्ती (4) पुत्री सुरेश, सोमपाल (55) पुत्र शोभाराम, चमेली देवी (50) पत्नी सोमपाल, कमलेश (20) पुत्री सोमपाल, अमित (36) पुत्र चैनसुख, ऊषा (35) पत्नी अमित, हर्ष (8) पुत्र अमित, तनु (14) पुत्री अमित, फूलसोंगा रुद्रपुर निवासी प्रियंका (15) पुत्र विशंबर दयाल, विनय कुमार (19) पुत्र विशंबर दयाल सवार थे। इस हादसे में चालक सुरेश का छह वर्षीय बेटा दिव्यांश, चार वर्षीय बेटी दिप्ती और साली कमलेश की मौत हो गई। अन्य घायलों को एम्स में स्वास्थ्य उपचार चल रहा है।

# राहुल ने विस्तृत जवाब के लिए दिल्ली पुलिस से 10 दिन का समय मांगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दिए भाषण को लेकर दिल्ली पुलिस ने जो नोटिस जारी किया था, राहुल गांधी ने उसका प्रारंभिक जवाब दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, राहुल गांधी ने चार पेज, 10 पॉइंट में दिल्ली पुलिस को अपना जवाब दिया है। अपने जवाब में राहुल गांधी ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी ने पुलिस की कार्रवाई को अभूतपूर्व बताया है और आरोप लगाया कि अदाणी मामले को उठाने के चलते उनके खिलाफ यह कार्रवाई हुई है।

अपने प्रारंभिक जवाब में राहुल गांधी ने उनके भाषण के 45 दिन बाद पुलिस कार्रवाई और उसकी प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी ने दिल्ली


अचानक कार्रवाई पर उठाए सवाल

पुलिस के नोटिस का विस्तृत जवाब देने के लिए 8-10 दिन का समय मांगा है। दिल्ली पुलिस का कहना है कि अगर जरूरत पड़ी तो आगे भी राहुल गांधी से पूछताछ की जा सकती है।

बता दें कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने अपने एक भाषण में दावा किया था कि कई महिलाएं उनसे मिलने आईं थी। वो रो रहीं थी और काफी भावुक थीं। उनमें से कुछ ने बताया कि उनके साथ बलात्कार हुआ है, उत्पीड़न हुआ है। राहुल गांधी ने बताया कि जब उन्होंने महिलाओं से पूछा कि क्या वह पुलिस को इस बारे में बताएं तो महिलाओं ने कथित तौर पर कहा कि नहीं पुलिस को इस बारे में मत बताइए, वर्ना उन्हें ज्यादा परेशानी होगी। राहुल गांधी के इस बयान पर दिल्ली पुलिस ने उन्हें नोटिस जारी कर महिलाओं के बारे में जानकारी देने को कहा था ताकि पुलिस इसकी जांच कर सके। रविवार को दिल्ली पुलिस, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के आवास भी पहुंची थी। राहुल गांधी से मुलाकात के बाद दिल्ली पुलिस के स्पेशल कमिश्नर ऑफ पुलिस सागर प्रीत हुड्डा ने बताया कि राहुल गांधी से उनके बयान के बारे में जानकारी मांगी गई।

राहुल गांधी ने जवाब देने के लिए थोड़ा वक्त मांगा है। इससे पहले राहुल गांधी के बयान पर दिल्ली पुलिस की एक टीम बीती 15 मार्च को नोटिस देने गई थी। टीम ने वहां तीन घंटे इंतजार किया लेकिन राहुल गांधी से मुलाकात नहीं हो पाई। इसके बाद 16 मार्च को दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी फिर से राहुल गांधी के आवास पहुंचे और करीब डेढ़ घंटे के इंतजार के बाद राहुल गांधी उनसे मिले और नोटिस रिसीव किया। वहीं दिल्ली पुलिस की बयान के इतने दिनों बाद कार्रवाई पर कांग्रेस ने सवाल खड़े किए हैं।



# सीएम धामी ने किया कनखल में वैश्य बन्धु समाज, मध्य हरिद्वार द्वारा आयोजित महाराजा अग्रसेन वार्षिकोत्सव व पारिवारिक मिलन समारोह में प्रतिभाग

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कनखल में वैश्य बन्धु समाज, मध्य हरिद्वार द्वारा आयोजित महाराजा अग्रसेन वार्षिकोत्सव व पारिवारिक मिलन समारोह में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वैश्य बंधु समाज द्वारा आयोजित महाराजा अग्रसेन वार्षिकोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुये कहा कि महाराजा अग्रसेन जी का जीवन सदैव जनसेवा और सद्कार्यों के लिए समर्पित रहा। उन्होंने सदैव समाज के हित के बारे में सोचा और जनकल्याण के साथ– साथ समाज को समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिए एक नई सोच विकसित करने का कार्य किया तथा पूरे विश्व को संदेश दिया कि समाज को परस्पर जोड़कर किस प्रकार सभी को समृद्ध और खुशहाल बनाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन के जीवन तथा व्यवहार–दर्शन में हर समाज के लिए सफलता का मूलमंत्र छिपा है। अग्रवाल समाज का राजाओं के राज में, आजादी के आंदोलन में और आजादी के आंदोलन के बाद



लोकतंत्र के विकास में, हर दौर में समाज के लिए महत्वपूर्ण योगदान रहा है तथा आज अग्रवाल समाज हर क्षेत्र में सेवा व समर्पण के साथ कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह महाराजा अग्रसेन जी ने समाज के हर वर्ग के लिए समर्पण भाव से सोचा, उसी तरह आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की मूल भावना से कार्य करते हुए हर वर्ग के विकास के लिए निरन्तर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह महाराजा अग्रसेन जी ने हर वर्ग के कल्याण का जो सपना देखा था उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी केंद्र व राज्य सरकार मिलकर धरातल पर उतारने हेतु कार्य कर कर रही है तथा देश व प्रदेश के अन्दर एक नई कार्य संस्कृति आई है, जिसके परिणामस्वरूप विश्व में भारत की विश्वसनीयता निरन्तर बढ़ रही है और एक समरस, सशक्त तथा समर्थ भारत बन रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था अब पांचवें नम्बर की अर्थव्यवस्था बन गयी है तथा आज का नवीन भारत पारम्परिकताओं के साथ ही नये बदलाओं को भी आत्मसात कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज संपूर्ण विश्व न केवल हमारी शक्ति और ज्ञान परंपरा से परिचित हो रहा है बल्कि प्रत्येक क्षेत्र में हमारा अनुसरण करने को भी तत्पर है। मुख्यमंत्री ने सरकार द्वारा उठाये गये ठोस कदमों का उल्लेख करते हुये कहा कि समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार है, धर्मान्तरण के सन्दर्भ में भी हमने ठोस कदम उठाये हैं, नकल के लिये भी सख्त कानून बनाया गया है, जिसमें उम्रकैद से लेकर सारी सम्पत्ति जब्त करने की व्यवस्था है तथा इसके अतिरिक्त महिला शक्ति को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने का प्राविधान किया गया है। इस मौके पर देवपुरा चौक स्थित महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा के शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण भी किया गया।

समारोह को राज्य सभा सांसद नरेश बंसल, पूर्व विधायक लक्सर संजय गुप्ता ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री यतीश्वरानन्द, संदीप गोयल, रविदासाचार्य पूर्व विधायक ज्वालापुर सुरेश राठौर, डॉ0 विशाल गर्ग, सुधीर अग्रवाल, अरविन्द अग्रवाल, राजीव गुप्ता, लोकेश गुप्ता, मनोज गर्ग, अनुपम अग्रवाल, धीरेन्द्र गुप्ता, डॉ0 गौरव गोयल, आदित्य बंसल, शिवम गुप्ता, पराग, सुधीर अग्रवाल, नितिन गोयल, गगन गुप्ता, कमल अग्रवाल, जिलाधिकारी विनय शंकर पाण्डेय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह, अपर जिलाधिकारी( वित्त एवं राजस्व) बीर सिंह बुदियाल, अपर जिलाधिकारी( प्रशासन) पी0एल0 शाह, एसडीएम पूरण सिंह राणा, सिटी मजिस्ट्रेट सुश्री नूपुर वर्मा सहित सम्बन्धित पदाधिकारी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

## 700 लोगों ने उठाया एक्यूपंक्चर और प्राकृतिक चिकित्सा का लाभ

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में आयोजित सात दिवसीय निशुल्क एक्यूपंक्चर और प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का 700 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया।

रविवार को चिकित्सा शिविर के अंतिम दिन का शुभारंभ स्वामी चिदानंद सरस्वती ने किया। उन्होंने कहा कि सेवा से मन की शान्ति प्राप्त होती है। सेवा से न केवल दूसरों को लाभ प्राप्त होता है, बल्कि उनके दिलों में हमेशा के लिये एक खास जगह बन जाती है। चिकित्सा सेवाओं के माध्यम से चिकित्सक रोगियों को संकट और कष्टों से उबारते हैं, इसलिये सेवा का धर्म कभी नहीं छोड़ना चाहिये। सेवा के माध्यम से सभी का दिल जीता जा सकता है। सेवा, समानता और गरिमा के मूल्यों का जीवन में होना अत्यंत आवश्यक है। कहा कि शिविर में अमरिका से आये 14 चिकित्सकों ने लोगों का उपचार किया है।

एक्यूपंक्चर टीम की प्रमुख सामी रैंक ने कहा कि उन्होंने परमार्थ निकेतन में तीसरी बार आकर कैम्प किया है। कहा कि कैम्प के दौरान अधिकांश रोगी तनाव, थायराइड, हाइपरटेंशन और स्ट्रोक के थे। परमार्थ निकेतन अपने आप में एक दिव्य स्थान है, यहां आकर सेवा के साथ–साथ साधना का भी लाभ मिलता है। यहां की गंगा आरती अद्भुत और अलौकिक है।

डिवाइन शक्ति फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी भगवती सरस्वती ने कहा कि अमेरिका के सामी रैंक, लौरा मार्टेल, रीगन पेनेल, लिज रॉस, यासमीन सहहत, एशले जिमेनेज, चेरी जिमर, टायलर हॉलैंड, कैली विलियम्स, विक्टोरिया एरोको, च्लोए ग्रीनहालघ, एलन चुंग, अमांडा वैन एर्ट और सहायक टीम के सदस्य मिशेला हॉलैंड, आनंद ब्रावो, रयान जिमर, आयला मार्टेल ने उत्कृष्ट योगदान दिया। टीम के सदस्य अमरिका के एरिज़ोना, टेक्सास आदि राज्यों से आए हैं।

## पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा प्लास्टिक कचरा: शर्मा

देहरादून। शहर में नदी नालों, सार्वजनिक जगहों पर जगह–जगह डंप हो रहा प्लास्टिक कूड़ा पर्यावरण को लगातार नुकसान पहुंचा रहा है। दून में रिस्पना और बिंदाल नदी में कूड़ा डंप करने पर रोक लगाने की शुरुआत लोगों को खुद से करनी होगी, ताकि दून की आबो हवा पर बुरा असर न पड़े। यह बात यूसर्क के वरिष्ठ वैज्ञानिक और पर्यावरण गतिविधि के महानगर उत्तर के संयोजक व प्रांत सहप्रमुख जल उपक्रम डॉ. भवतोष शर्मा ने संयुक्त सफाई अभियान के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित करने के दौरान कही। पर्यावरण गतिविधि के उत्तर और दक्षिण महानगर संगठनों, नगर निगम देहरादून, वेस्ट वारियर संस्था, मिशन क्लीन दून, पराशक्ति संगठन, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय देहरादून में शामिल सदस्यों, छात्रों ने रविवार को रिस्पना फ्लाईओवर के आसपास सफाई अभियान चलाया। इस दौरान करीब पांच कुंतल कूड़ा एकत्रित किया गया। वक्ताओं ने प्लास्टिक वेस्ट से पर्यावरण को हो रहे नुकसान को लेकर चिंता जताई। पर्यावरण गतिविधि महानगर देहरादून दक्षिण के संयोजक व प्रांत सहप्रमुख कचरा प्रबंधन उपक्रम जगदम्बा नौटियाल ने एक पेड़ राष्ट्र के नाम अभियान के बारे में जानकारी दी। इस दौरान ग्राफिक एरा विवि के से रमेश रावत, ओसीनिका भट्ट, जय सिंह, जौना, सिद्धार्थ, राजेश्वरी सेमवाल, दीपा जोशी, राम स्वरूप डबराल, भगवती प्रसाद नौटियाल, सौरभ चौधरी, दिनेश सिंह आदि मौजूद थे।

## प्रदेश सरकार का बजट विकास को देगा बढ़ावा

विकासनगर। भाजपा ने प्रदेश की धामी सरकार के बजट को शानदार, सर्वस्पर्शी व जन आकांक्षाओं के अनुरूप बताया। कहा कि धामी सरकार की ओर से पारित बजट देश में प्रदेश को सर्वश्रेषठ राज्य बनाने की दिशा में बढ़ाया गया बड़ा कदम है।

भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता मधु भट्ट ने डाकपत्थर स्थित निरीक्षण भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि नए उत्तराखंड के संकल्प वाले इस बजट में जहां युवाओं को बेहतर शिक्षा और बेहतर रोजगारपरक शिक्षा देने पर विशेष ध्यान दिया गया है। वहीं कृषि, उधान, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, खेलकूद को बढ़ावा देने, पर्यटन और इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी महत्व दिया गया है। कहा कि 77407करोड़ रुपये का प्रदेश सरकार का यह बजट राज्य की तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था को दर्शाता है। कहा कि बिगत वर्ष की अपेक्षा इस बार बजट 18.44 प्रतिशत अधिक है। कहा कि सबसे अधिक और सबसे महत्वपूर्ण हमारे भविष्य के लिए 10,459 करोड़ का प्रावधान शिक्षा, खेल और युवा कल्याण के लिए है। कहा कि स्वास्थ्य के लिए 4217.87 करोड का बजट बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को लिए दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों की तस्वीर को बदलने, पेयजल, आवास, नगर विकास, स्मार्ट सीटी से जुडी आधारभूति सुविधाओं के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। बजट में सड़क, सिंचाई, महिला सशक्तिकरण, कृषि, ऊर्जा के क्षेत्र में विकास के लिए बजट में पर्याप्त व्यवस्था की गयी है।

कहा कि लखवाड़ बांध परियोजना के लिए पांच सौ करोड़ रुपये की बजट में व्यवस्था की गयी है। आपदा पीडितों के जख्मों पर मरहम लगाने से लेकर उनकी पर्याप्त सहायता के लिए भी बजट में प्रावधान किया गया है इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता जिला महामंत्री विनोद कश्यप ,जिला मीडिया प्रभारी देवेंदर चावला, मंडल अध्यक्ष विपुल मूसला, कोषाध्यक्ष हरीश हैरी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कालिका मंदिर का वार्षिक ध्वजारोहण 29 को

देहरादून। भवन श्री कालिका माता मंदिर समिति के 70वें वार्षिक ध्वजारोहण महोत्सव को लेकर कालिका मार्ग में बैठक का आयोजन किया गया। समिति प्रधान अशोक लांबा ने बताया कि उत्सव 22 मार्च नव संवत 2080 से शुरू हो रहा है, जो कि 30 मार्च रामनवमी तक मनाया जाएगा। उत्तराखंड विद्वत सभा के 54 कर्मकांडी ब्राह्मण दुर्गा सप्तशती पाठ व जाप सुबह शाम करेंगे। त्रिदिवसीय शक्ति महासम्मेलन 26 से 28 मार्च तक होगा। 29 मार्च को कुमारिका कन्या पूजन दुर्गा अष्टमी को होगा। शाम को मां भगवती जागरण होगा। जिसमें मंदिर समिति की मंडली प्रमोद श्रीवास्तव, गोपाल भारद्वाज, हरबंस लाल बंसी, आशीष बंसी मां का गुणगान करेंगे। 29 को दोपहर में भंडारा व शाम 6:05 पर ध्वजारोहण गीता मनीषी संत ज्ञानानंद महाराज करेंगे। मंदिर समिति मंत्री भारत भूषण शर्मा ने सभी से आयोजन में शामिल होने का अनुरोध किया है। मौके पर मंदिर समिति ट्रस्टी रमेश साहनी, दयाल धवन, उमेश मनोचा, रामस्वरूप भाटिया, केवल आनंद, कमल स्वरूप गुप्ता, नंद कुमार आनंद, प्रधान अशोक लांबा, नरेश मैनी, शशि तलवार, महेश डोरा, संजय आनंद, संजय चांदना, मुनेश विरमानी, सतीश मेहता, भारत भूषण आहूजा मौजूद रहे।

## उत्तरकाशी की पंचकोसी यात्रा में जुटी भक्तों की भारी भीड़

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी की प्रसिद्ध पंचकोसी वारुणी यात्रा पर रविवार को जगह–जगह मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी। इस प्रसिद्ध धार्मिक यात्रा का बड़ेथी चुंगी में वरुण गंगा और गंगा भागीरथी के संगम पर स्नान कर सुबह पदयात्रा के साथ आगाज हुआ।

उधर, धनारी क्षेत्र के नागणी में भी 18 किमी की पैदल यात्रा कर श्रद्धालुओं ने क्षेत्र और परिवार की खुशहाली की मन्नतें मांगी। मंदिरों में जगह–जगह श्रद्धालुओं के लिए जलपान की उचित व्यवस्था की गई थी। मान्यता है कि पंचकोसी वारुणी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को 33 करोड़ देवी देवताओं के दर्शन होते हैं और इस यात्रा को पूरी करने वाले हर श्रद्धालु की मनोकामना पूर्ण हो जाती है।



पंचकोसी वारुणी यात्रा चीड़, देवदार, बांज, बुरांश के घने जंगलों के बीच होते हुए लगभग 14 किमी का पैदल ट्रेक है। सदियों से चली आ रही परंपरा के अनुसार हर साल चैत्र मास की त्रयोदशी को यहां पंचकोसी वारुणी यात्रा आयोजित की जाती है। जिले भर से भारी संख्या में बारिश के बावजूद श्रद्धालु वारुणी यात्रा पर निकले और वरुणावत पर्वत की पैदल परिक्रमा कर मन्नतें मांगी। यात्रा बसूंगा, साल्ड, ज्ञाणजा, वरुणावत के शीर्ष, संग्राली, पाटा होते हुए गंगोरी में असी गंगा और गंगा भागीरथी के संगम पर पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने संगम पर स्नान कर उत्तरकाशी नगर स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर समेत तमाम मंदिरों में पूजा–अर्चना कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### अवैध खनन के खिलाफ वन विभाग ने अभियान चलाया

विकासनगर। चकराता वन प्रभाग अन्तर्गत मीनस पुल टोंस नदी में अवैध खनन के खिलाफ वन विभाग की छापामारी अभियान से तस्करों में हड़कंप मच गया। उप प्रभागीय वनाधिकार मुकुल कुमार के नेतृत्व देवघार रेंज, कनासर रेंज, रिवर रेंज के अधिकारी कर्मचारियों की टीम ने छापेमारी की। वन विभाग ने तस्करों को पकड़ने के लिए रिवर रेंज की टीम ने क्वानू मीनस रोड पर कनासर रेंज की टीम ने अटाल मीनस बायला बुलहाड रोड पर देवघार रेंज टीम ने तयूनी गुमा मीनस रोड पर चैकिंग छापेमारी अभियान चलाकर मीनस पुल पर पहुंचे। लेकिन रविवार को मीनस पुल के समीप कार दुर्घटना के कारण राजस्व पुलिस पुलिस की क्षेत्र में रहने के कारण तस्कर आज सजग रहे।

## उत्तरकाशी में पुलिस ने तैयार की मिनी पार्किंग

उत्तरकाशी। चारधाम यात्रा के दृष्टिगत पहाड़ी व भीड–भाड़ वाले स्थानों पर सुगम यातायात के लिए उत्तरकाशी पुलिस ने मिनी पार्किंग्स पर काम शुरू कर दिया है। उत्तरकाशी मुख्यालय में पर्यटन पुलिस चौकी, भटवाड़ी स्टैंड के पास पुलिस ने मिनी पार्किंग तैयार की है। इसके साथ ही जिले के अन्य जगहों पर छोटे–छोटे स्थानों को चिह्नित पार्किंग के लिए किया जा रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों में पर्याप्त जगह के अभाव में ट्रैफिक जाम की स्थितियां हमेशा बनी रहती है। आगामी चारधाम यात्रा के बेहतर संचालन को प्रदेश सरकार ने अधिकारियों को मिनी पार्किंग्स तैयार करने के निर्देश दिए हैं। जिस क्रम एसपी अर्पण यदुवंशी के निर्देश पर रविवार को उत्तरकाशी में मिनी पार्किंग्स की शुरुआत की गई। रविवार को उत्तरकाशी मुख्यालय में भटवाड़ी टैक्सी स्टैंड के पास स्थित पर्यटन पुलिस चौकी के पास वाले खाली स्थान को निरीक्षक यातायात राजेन्द्र नाथ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दुपहिया वाहनों के लिए मिनी पार्किंग के रूप में तैयार किया। एसपी ने यदुवंशी ने बताया कि चारधाम यात्रा के मुख्य पडावों व भीड–भाड़ वाले स्थानों व मुख्य कस्बों में छोटे–छोटे स्थानों को चिह्नित कर वाहनों को पार्क करने हेतु मिनी पार्किंग्स के तौर पर विकसित किया जा रहा है। जिले के डुण्डा, चिन्यालीसौड़, गेंवला, बडकोट, पुरोला आदि स्थानों पर भी ऐसे स्थानों को चिह्नित कर मिनी पार्किंग्स तैयार किये जायेंगे।

## भल्लाफार्म में महिला को घर में घुसकर पीटा

ऋषिकेश। भल्लाफार्म में घर के पास क्यारी को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। शुरुआत में झगड़ा महिलाओं के बीच हुआ। इसके बाद एक पक्ष से युवक भी विवाद में कूद पड़ा। गुस्साए युवक ने दूसरे पक्ष की महिला से घर में घुसकर मारपीट कर दी। पीड़िता ने पति को धमकी देने का आरोप भी लगाया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक आशीष पुत्र महरबान सिंह रावत निवासी भल्लाफार्म, श्यामपुर, ऋषिकेश के पास एक खाली भूखंड है। आशीष का परिवार उसमें क्यारी बनाकर सब्जियां उगा रहा है। इसी क्यारी की जमीन को लेकर उनका पड़ोस की महिला से विवाद हो गया है।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर निकाला जाएगा मार्च

रुद्रप्रयाग। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन (एनएमओपीएस) के आह्वान पर जिला मुख्यालयों में संवैधानिक मार्च निकालने का निर्णय लिया गया। 16 अप्रैल को देश के सभी जिला मुख्यालयों में राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली के लिए कार्मिकों द्वारा संवैधानिक मार्च निकाला जाएगा। रुद्रप्रयाग में हुई बैठक के बाद जानकारी देते हुए पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के जिलाध्यक्ष सौम्य ढौंडियाल ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय पुरानी बहाली आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में बीते कई वर्षों से पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई लड़ी जा रही है।

इस संघर्ष की बदौलत राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड, पंजाब व हिमाचल की सरकारों द्वारा पुरानी पेंशन बहाल कर दी गई है। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन उत्तराखंड के प्रांतीय अध्यक्ष जीतमणि पैन्यूली के नेतृत्व में राज्य के करीब 80000 कार्मिक पुरानी पेंशन बहाली की मांग करते आ रहे हैं, किंतु सरकार द्वारा अभी तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं की गई है। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन के आह्वान पर जनपद रुद्रप्रयाग शाखा द्वारा 16 अप्रैल को रुद्रा बैंड से पेट्रोल पंप तक संवैधानिक मार्च निकाला जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षक–कार्मिक शामिल होंगे।

## रोटरी क्लब ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

उत्तरकाशी। सौम्यकाशी रोटरी क्लब की ओर से काशी विश्वनाथ मंदिर प्रांगण में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्पर्श क्लीनिक ऋषिकेश से आये त्वचा रोग विशेषज्ञ डा. आशुतोष द्वारा त्वचा रोग पीड़ित मरीजों का उपचार किया गया। इस मौके पर डा.आशुतोष ने कहा कि उत्तरकाशी में एक्जिमा के मरीज अधिक हैं।



जिसके लिए उन्होंने सभी का समय पर उपचार करने की बात कही। रोटरी क्लब के अध्यक्ष शैलेन्द्र नौटियाल ने कहा कि स्थानीय लोगों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिले इसके लिए क्लब की ओर से मैक्स, सिनर्जी, कैलाश हॉस्पिटल आदि के साथ मिलकर समय–समय पर क्लब स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता आ रहा है। कहा कि रविवार को विश्वनाथ मन्दिर प्रांगण में निःशुल्क त्वचा रोग शिविर लगाया गया। शिविर में ऋषिकेश स्थित स्पर्श क्लीनिक से आये त्वचा रोग विषेशज्ञ डाक्टर आशुतोष सिंह द्वारा त्वचा रोग से पीड़ित 55 लोगों की जांच की गई। इस मौके पर रोटरी क्लब के सचिव डॉ महेंद्र पाल सिंह परमार,अजय पुरी, प्रताप सिंह बिष्ट,उमेश प्रसाद बहुगुणा, डॉ. दीपिका ,मनोज ,अमित डोभाल रमेश बिष्ट ,भारत सागर सहित अनेक लोग उपस्थित थे।






## राष्ट्रपति का अभिभाषण ऐतिहासिक: तीरथ

चमोली। रानीगढ़ मंडल के शक्ति केंद्र झिरकोटी के झिरकोटी बूथ पर आयोजित कार्यक्रम में गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने कहा कि बजट सत्र में महामहिम राष्ट्रपति का अभिभाषण ऐतिहासिक रहा है। सांसद रावत ने कहा कि भाजपा पूरे देश में ये कार्यक्रम चला रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास नारा दिया है वो आज सच हो रहा है। रविवार को बूथ अध्यक्ष महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विधायक अनिल नौटियाल ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ की हड्डी है।



कार्यकर्ताओं की बदौलत ही आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक दल है। मंडल महामंत्री सुनील कुमार एवं आशीष बिष्ट के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में चैतन्य बिष्ट, ईश्वर सिंह नेगी, वीरेंद्र सिंह नेगी एवं शैलेंद्र सिंह नेगी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को पढ़ा।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अंजू बिष्ट, मंडल अध्यक्ष दिनेश डिमरी, मंडल प्रभारी लक्ष्मी जोशी, कर्णप्रयाग सुभाष चमोली एवं विक्रम मिंगवाल, जिला संयोजक राजेन्द्र सगोई, ग्राम प्रधान भुवना देवी, जिला पंचायत सदस्य विनोद नेगी, जिला सांसद प्रतिनिधि राकेश डिमरी, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रेखा बिष्ट, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सचिन बिष्ट आदि मौजूद थे।

## गोपेश्वर बुल्स ने जीता चमोली क्रिकेट लीग

चमोली। गौचर में संपन्न हुए चमोली क्रिकेट लीग का फाइनल मुकाबला गोपेश्वर बुल्स की टीम ने जीता। वहीं न्यू स्टॉर क्रिकेट एकेडमी उपविजेता रहा। गोपेश्वर बुल्स ने फाइनल मुकाबला रन से जीता। गौचर मैदान में खेले गए मुकाबले में गोपेश्वर बुल्स ने टॉस जीता तथा पहले बल्लेबाज़ी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी गोपेश्वर बुल्स की पूरी टीम ने 7 विकेटों के नुकसान पर 271 रन बनाए। जिसमें सबसे ज्यादा रन शैलेन्द्र रौथान ने 112 रन, अमन गड़िया ने 93 रनों का योगदान दिया।

न्यू स्टार क्रिकेट अकेडमी गौचर की तरफ से गेंदबाजी मैं सबसे ज्यादा सफलता गिरीश रतूड़ी ने 3 सफलता हासिल की। लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यू स्टार क्रिकेट एकेडमी गौचर की पूरी टीम 242 रनों पर आल आउट हो गई। जिसमे सबसे ज्यादा रन गिरीश रतूड़ी ने 83 रनों की पारी खेली। एसोसिएशन के सचिव नरेंद्र शाह ने बताया कि प्रतियोगिता में शैलेंद्र रौथाण, गिरीश रतूड़ी, अशोक, सुबोधित आर्य और अमित मैखुरी ने शतक लगाए।

# बेहतर विकास की सोच के साथ लाया गया है उत्तराखंड का बजट

## कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बोले प्रदेश प्रवक्ता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह बिष्ट ने प्रदेश सरकार के बजट में उत्तराखंड का बेहतर विकास छिपा हुआ है। बजट से जहां युवाओं को पहाड़ में स्वरोजगार करने में मदद मिलेगी वही, मूलभूत सुविधाओं का भी लाभ मिलेगा। सरकार महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं चला रही है।

रविवार को देवी रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में पत्रकारों से वार्ता करते हुए वीरेंद्र सिंह बिष्ट ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि धामी सरकार का उद्देश्य प्रदेश का बेहतर विकास करना है। इसके लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है।

प्रदेश सरकार ने उत्तराखंड के बेहतर विकास की सोच के साथ वर्ष 2023–24 का बजट जारी किया है। बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वरोजगार, पलायन, पर्यटन व खेती के साथ ही महिला हितों को विशेष स्थान दिया गया है।

यह बजट उत्तराखंड को आगामी दशक का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की ओर अग्रसर करेगा। सरकार ने जोशीमठ में भूधंसाव से प्रभावित लोगों के लिए एक हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। कहा कि पीड़ितों को राहत प्रदान करने के लिए सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। यह बजट राज्य को आर्थिक रूप से प्रगति की ओर अग्रसर करेगा। उन्होंने कोटद्वार शहर के भी बेहतर विकास की बात कही। कहा कि सरकार ने कोटद्वारवासियों से जितने भी वादे किए है उन्हें पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। आगामी दो वर्षों के भीतर विकास कार्य धरातल पर भी नजर आने लगेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष वीरेंद्र रावत, नगर अध्यक्ष पंकज भाटिया, मीडिया प्रभारी विनोद रावत, शांतनु रावत आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते भाजपा प्रदेश प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह बिष्ट

## वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से आयोजित शिविर का 230 ने उठाया लाभ

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः वरिष्ठ नागरिक संगठन के तत्वाधान और हंस फाउंडेशन अस्पताल सतपुली के सौजन्य से देवी रोड़ स्थित मेजर बालम सिंह चंद्रावती पूर्व सैनिक कल्याण ट्रस्ट के प्रांगण में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 230 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

शिविर का आरंभ संगठन अध्यक्ष सेनि. कै. पी एल खंतवाल ने किया। शिविर में फिजिशियन डा. आशु मलिक ने 100 और नेत्र विशेषज्ञ डा. प्रदीप रावत ने 130 लोगों के आंखों की जांच की। शिविर में दवाइयां निःशुल्क वितरित की गई।

इस दौरान संगठन महासचिव रिपुदमन बिष्ट, महेंद्र कुमार अग्रवाल, राजेंद्र सिंह बिष्ट, विनोद नेगी, जयवीर सिंह रावत और श्रीकृष्ण सिंघानिया आदि मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को बताया एनएसएस का महत्व

## गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में शुरू हुआ एनएसएस शिविर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** देवी रोड स्थित श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ हो गया है। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को एनएसएस के महत्व के बारे में बताया। वहीं, कार्यक्रम में छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी।

आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य डीएम रतूड़ी व गुरु राम राय पैरा मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा.गिरीश उनियाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना व लक्ष्य गीत की सुंदर प्रस्तुति दी।

प्रधानाचार्य डीएम रतूड़ी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई हमें बेहतर जीवन जीने का सीख देती है। शिविर में मिलने वाली जानकारी को विद्यार्थी जन–जन तक पहुंचाने का प्रयास करें।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गढ़वाल, कुमाऊंनी व अन्य गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी हिमांशु द्विवेदी, डीएस नेगी, अनूप बड़थ्वाल, बृजेंद्र नेगी, संतोष पंत, रचना डोबरियाल, पूजा नेगी आदि मौजूद रहे।





कोटद्वार के गुरु रामराय पब्लिक स्कूल में आयोजित एनएसएस शिविर के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति देती छात्राएं

# सगंध पादपों के उत्पादन को बढ़ावा देने पर दिया जोर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जड़ी–बूटियों एवं सगंध पादप के उत्पादन व विपणन में क्रेता –विक्रेता की एक दिवसीय कार्यशाला में डीएम ने पांच उत्पादों को क्लस्टर के रुप में उत्पादन को लेकर ठोस रुपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए।

कहा कि कहा कि जड़ी–बूटी व सगंध पादपों के उत्पादन को बढावा देने के लिए विभाग किसानों को हर सम्भव मदद की जाए।

डीएम सभागार में आयोजित बैठक में डीएम डा.आशीष चौहान ने जड़ी–बूटियों एवं सगंध पादप के उत्पादन व विपणन के संबंध में त्रेता–विक्रेता कार्यशाला में कुटकी, हल्दी, बड़ी ईलाइची, आवला व बिच्छू घास के उत्पादन के लिए ठोस रुपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। कहा कि यह ऐसे उत्पाद है जिनकों जंगली जानवरों से नुकसान की बहुत कम सम्भावना रहती है। उन्होने किसानों को इन उत्पादों की खेती को बढानें के लिए प्रोत्साहित किया।

डीएम ने विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों को कहा कि स्थानीय जड़ी–बूटियों व सगंध पादपों के उत्पादन को बढानें के लिए वे अपने स्तर से भी कलस्टर विकसित कर सकते है।

बैठक में सीडीओ अपूर्वा पांडे, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेन्द्र कुमार, जिला उद्यान अधिकारी डा.डीके तिवारी, कृषक भैषज इकाई राजेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र चंद, रामसिंह रावत, सहदेव सिंह आदि शामिल थे।

# शिविर में विद्यार्थियों ने जाना जीवन में योग का महत्व

## विद्या मंदिर इंटर कालेज जानकीनगर में आयोजित किया गया शिविर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज जानकीनगर में आयोजित एनएसएस शिविर में स्वयं सेवियों को योग का महत्व बताया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया।

एनएसएस इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर के पंचम दिवस स्वयंसेवकों को प्रधानाचार्य लोकेंद्र दत्त अंथवाल द्वारा प्रातः योगाभ्यास करवाया गया। प्रधानाचार्य ने सभी स्वयंसेवकों को योग अभ्यास और उसके लाभ साथ ही योग करते हुए किस प्रकार हम अपने दैनिक जीवन में बीमारियों से बच सकते हैं, इसके बारे में बताया। स्वयंसेवियों की ओर से महक और गौरी खंतवाल ,रचित ने भी योग से होने वाले लाभ के बारे में स्वयंसेवीओं को बताया। इसके बाद स्वयं सेवियों ने स्वच्छता अभियान भी चालाया। अध्यापिका मधुबाला नौटियाल, कार्यक्रम अधिकारी राजन शर्मा, अनिल कोटनाला, संगीता रावत, सरोज नेगी के साथ पौधारोपण अभियान भी चलाया गया। पंचम दिन में बौद्धिक सत्र चर्चा परिचर्चा के समय नशा उन्मूलन विषय पर दीपक जदली ने नशे से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रभावों को उसके दुष्परिणामों को स्वयंसेवीओं को बताया।

इस मौके पर अक्षिता नौटियाल ,प्रियांशी चौहान, मेघा, अनिरुद्ध चंदोला आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में योगाभ्यास करते विद्यार्थी

## बंद रेल सेवाओं को पुनः शुरू करने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः वरिष्ठ नागरिक संगठन ने कोरोना महामारी के दौरान कोटद्वार रेलवे स्टेशन से निलंबित रेलगाड़ियों का पुनः संचालन कराने की मांग की है। इस संबध में संगठन के अध्यक्ष पी एल खंतवाल और महासचिव रिपुदमन सिंह बिष्ट ने केंद्रीय रेल मंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया है।ज्ञापन में कहा गया है कि कोरोना महामारी के दौरान सरकार की ओर से सभी स्टेशनों की रेल सेवाओं को बहाल कर दिया गया है, लेकिन कोटद्वार स्टेशन के लिए निलंबित रेल सेवाएं अभी तक बहाल नहीं हो पाई हैं। इस कारण लोगों को बसों में अधिक किराया देकर सफर करना पड़ रहा है। जनहित में कोटद्वार से निलंबित रेलगाड़ियों का संचालन आरंभ कराया जाना चाहिए।

# राजेंद्र सिंह राणा बने संगठन के अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** पूर्व सैनिक कल्याण संगठन की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में संगठन की नई कार्यकारिणी का भी निर्विरोध गठन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन की एकजुटता, संगठन को मजबूत करना और पूर्व सैनिकों की समस्याओं को हल करना प्राथमिकता बताया।

रविवार को मिलन केंद्र मांडाखाल में आयोजित पूर्व सैनिक कल्याण संगठन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पूर्व सैनिकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए राजेंद्र सिंह राणा अध्यक्ष, सत्यपाल सिंह राणा उपाध्यक्ष, अतुल सिंह नेगी कोषाध्यक्ष, सते सिंह बिष्ट व विमल सिंह नेगी सदस्य, सुरेंद्र सिंह रावत संरक्षक व अनिल मीडिया प्रभारी चुने गए। इस मौके पर चुनाव प्रभारी सुरेंद्र सिंह रावत व सहअध्यक्ष अर्जुन सिंह की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन की गई।

इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने और पूर्व सैनिकों की समस्याएं हल करना प्राथमिकता बताया।

इस मौके पर महावीर सिंह रावत, मदन मोहन कठैत, बकुल रावत, सते सिंह बिष्ट, कल्याण सिंह रावत, टीएस बिष्ट, हर्ष सिंह रावत, अनिल धस्माना, शैव सिंह रावत, शंकर सिंह कंडियाल, पदम सिंह रावत, नरेंद्र सिंह रावत, संतंन सिंह भंडारी आदि शामिल थे।

# प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे सरकार की योजनाएं

## रिखणीखाल मंडल के बसड़ा में आयोजित की गई बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** रिखणीखा ब्लाक के अंतर्गत बसड़ा में भारतीय जनता पार्टी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को जन-जन तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने की जिम्मेदारी दी। कहा कि सरकार जनता के हित को देखते हुए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है।

बसड़ा शक्ति केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी व मुख्य वक्ता विनोद रावत ने बूथ सशक्तिकरण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार जनता के हित में कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। लेकिन, जनकारी के अभाव में कई लोग योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते। ऐसे में कार्यर्त्ताओं को आगे बढ़कर जन–जन तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना चाहिए। कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्या पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को धरातल पर उतराना है। आज लैंसडौन विधानसभा का प्रत्येक गांव सड़क सुविधा से जुड़ चुका है। विधानसभा में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए तेजी से कार्य हो रहा है। कार्यक्रम में राष्ट्रपति के अभिभाषण को स्थानीय व्यक्तियों द्वारा पढ़ा गया। इस मौके पर शक्ति केंद्र संयोजक किशोर देवरानी, शक्ति केंद्र प्रभारी पुष्पा देवी, पूर्व प्रधान चंद्रावत, भारत सिंह नेगी, दिनेश चतुर्वेदी, दीनबंधु देवरानी, सौरभ, जितेंद्र सिंह, पुष्कर सिंह, जगदीश प्रसाद आदि मौजूद रहे।





रिखणीखाल के बसड़ा में कार्यक्रम को संबोधित करते जिला मीडिया प्रभारी

## भुवनेश्वरी सिद्धपीठ सितोनस्यूं में शुरू हुई नवरात्र की तैयारियां

पौड़ीः कोट ब्लाक स्थित मां भुवनेश्वरी सिद्धपीठ सितोनस्यूं में 22 से 30 मार्च तक वासंतीय नवरात्र आयोजित किया जाएगा। भुवनेश्वरी प्रबन्धन समिति द्वारा शतचण्डी महायज्ञ व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन के साथ कक्षा 12 तक के छात्रों के लिए निबन्ध व चित्रकला प्रतियेगिता भी आयोजित की जाएगी।

जिसमे कोट ब्लाक के प्रमुख मेले व मां भुवनेश्वरी का रंगीन चित्र विषय निर्धारित है। समिति के अनुसूया प्रसाद सुंद्रियाल ने बताया कि इसके अलावा अक्टूबर महीने मे संर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय व अखण्डभारत की कामना के लिए आयोजित भुवनेश्वरी महामहोत्सव की तैयारी व सफल संचालन के लिए विभिन्न संठगनो के साथ संगोष्ठी भी आयोजित की जाएगी।

# सतपुली में स्वयं सेवियों ने किया पथ संचलन



**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार/ सतपुलीः** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सतपुली खण्ड की ओर से पथ संचलन किया गया। आयोजित पथ संचलन में100 से अधिक स्वयं सेवकों ने भाग लिया।

रविवार को रामलीला मैदान से शुरू हुआ पथ संचलन बाजार के विभिन्न मार्गों पर पहुंचा। पथ संचलन खण्ड कार्यवाह देवी प्रसाद दड़वाल के नेतृत्व में निकाला गया था। कार्यक्रम के खण्ड कार्यवाह देवी प्रसाद दड़वाल ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन धरती सूर्य का एक चक्कर पूरा करती है। इस समय प्रकृति अपना नया श्रृंगार करती है, प्रकृति में चारों तरफ हरियाली छा जाती है। साथ ही उन्होंने कहा कि भगवान ब्रह्मा ने इसी दिन सृष्टि की रचना की थी तथा भगवान श्री राम का राज्याभिषेक भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही हुआ था।

पथ संचलन का सतपुली वासियों ने फूल वर्षा कर स्वागत किया।

इस मौके पर नगर प्रचारक धर्मपाल, पालक नरेश, मुख्य शिक्षक सौरभ, खंड शारीरिक प्रमुख आमोद, वेद प्रकाश वर्मा, बृजमोहन सिंह रावत, अंकित ठाकुर, सत्यनारायण बेदी, सुनील डंडरियाल सहित अनेक स्वयंसेवक मौजूद रहे।

# नव वर्ष पर स्वयं सेवियों ने किया पथ संचलन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः नव वर्ष पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से कोटद्वार शहर में पथ संचलन किया गया। इस दौरान स्वयं सेवियों को आरएसएस के इतिहास के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई।

रविवार को पथ संचलन एक देवी रोड स्थित एक वेडिंग प्वाइंट से प्रारंभ होकर कोटद्वार के मुख्य मार्गों से होता हुआ पुनः वेडिंग प्वाइंट में संपन्न हुआ। नगर के लगभग सात सौ स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लेकर एकता और अनुशासन का प्रदर्शन किया। पथ संचलन से पहले स्वयं सेवकों के द्वारा आद्य सर संघ चालक प्रणाम किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता जिला प्रचारक राहुल ने संघ के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डॉक्टर हेडगेवार जी द्वारा वर्ष 1925 में चार बच्चों के सहयोग से स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक सेवक संघ आज विश्व का सबसे बड़ा संगठन बन गया हैं। कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही ब्रह्म जी ने सृष्टि की रचना की। संघ के प्रथम सर संघ चालक और संस्थापक डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म भी आज के दिन ही हुआ था। संघ के योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता की लड़ाई में भाग लेने के लिए डॉक्टर हेडगेवार को कई बार कारागार की सजा हुईं। कहा कि न केवल डॉक्टर हेडगेवार बल्कि सैकड़ो स्वयं सेवकों ने आजादी की लड़ाई में भाग लिया। गोवा मुक्ति आंदोलन में 3000 स्वयं सेवकों ने भाग लिया। देश के किसी भी कोने में कोई आपदा आती हैं तो संघ का स्वयं सेवक सबसे पहले वहाँ खड़ा होता हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ प्रताप सिंह राणा, जिला संचालक विभाग कार्यवाह लोकेंद्र, विष्णु, नगर संचालक शांति स्वरूप, नगर कार्यवाह प्रशांत, नगर प्रचार प्रमुख राजेश जोशी आदि मौजूद



कोटद्वार में पथ संचलन के लिए एकत्रित हुए स्वयं सेवक



दैनिक जयन्त-कुमाऊं


# राज्य में भ्रष्टाचार रोकने के लिए मजबूत लोकायायुक्त की जरूरत : डॉ पाल

रुद्रपुर। उत्तराखंड बार काउंसिल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ महेंद्र सिंह पाल का सितारगंज आगमन पर रविवार को कांग्रेसियों और अधिवक्ताओं ने स्वागत किया।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए पूर्व सांसद डॉ पाल ने कहा कि राज्य गठन में अधिवक्ताओं की अहम भूमिका रही है, लेकिन राज्य बनने के बाद उनके हितों का ध्यान नहीं रखा गया। सरकार को हाईकोर्ट में जजों के खाली पदों को भरना चाहिए। मुंसिफ से लेकर जिला न्यायालय तक के खाली पदों पर जजों की भर्ती की जाए। लीगल एडवाइजर वाले विभागों में अधिवक्ताओं को रखा जाए, ताकि अधिवक्ताओं का रोजगार बढ़ सके। इसके लिए सरकार के समक्ष राय रखी जाएगी। अध्यक्ष डॉ. पाल ने कहा कि मद्रास हाईकोर्ट बनाम केंद्र सरकार के केसों में सीनियर वकीलों को नियुक्त करने की बात अदालत ने कही है। उन्होंने कहा कि हर विभाग में लीगल एडवाइजर रखे जाएंगे तो अधिवक्ताओं का रोजगार बढ़ेगा। राज्य में नकल के खिलाफ युवा सड़कों पर हैं। सरकार को नकल पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए लोकायुक्त की नियुक्ति करना चाहिए। ताकि लोक शिकायतों की सुनवाई हो और उनका निस्तारण हो सके। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा का स्तर उंचा करने पर सरकार को विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। टनकपुर से बागेश्वर रेल लाइन और लालकुआं से शक्तिफार्म, सितारगंज होते हुए बाया नानकमत्ता से खटीमा तक रेल लाइन का बजट में कोई जिक्र नहीं है। जबकि रेल लाइन क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। रेल लाइन होने से सितारगंज सिडकुल का विकास होगा। 90 के दशक में मोरनोला–मझोला रास्ता बनाने का काम शुरू हुआ। अगर यह सड़क बन जाती है तो ओखलकांडा ब्लॉक से चोरगलिया होते हुए लोग आसानी से यहां पहुंच सकेंगे और यहां व्यापार बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सितारगंज में मुंसिफ कोर्ट का भवन बनाने के लिए जल्द ही वह हाईकोर्ट के एडमिनिस्ट्रेटिव जज से मिलेंगे। जल्द यहां भवन का निर्माण कराया जाएगा। इस दौरान सितारगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दयानंद सिंह, रामनगीना प्रसाद, मुंशीराम जिंदल, नरेंद्र सिंह बमराह, पूर्व अध्यक्ष राम सिंह आदि मौजूद थे।

### आज सभी फड़ कारोबारी बंद रखेंगे अपना कारोबार

बागेश्वर। नगर पालिका द्वारा नगर में अतिक्रम और फड़–खोखे के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। पहले दिन दस कच्चे पक्की दुकानें तोड़ी गई। इसके विरोध में फड़ कारोबारी मुखर हो गए हैं। उन्होंने राधा–कृष्ण मंदिर में बैठक कर सोमवार को विरोध में अपने कारोबार बंद रखने का निर्णय लिया है। साथ ही इस मामले में एसडीएम से मुलाकात करेंगे। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष किशन राम तथा संचालन सचिव भीम कुमार ने किया। इस मौके पर पर पंकज जोशी, शंकर राम, महेश सिंह, जीवन लाल, कैलाश चंद्र, जानकी, पवन कुमार, राजेंद्र गिरी, व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी, हरीश सोनी, नवीन लाल साह आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने व्यापारियों को पुनर्वास और मुआवजा देने की मांग



रुद्रपुर। रुद्रपुर में जी–20 की तैयारियों को लेकर प्रस्तावित रूट में सौन्दर्यीकरण को लेकर जिला प्रशासन ने पिछले दिनों बस स्टैंड के सामने स्थित राम मनोहर लोहिया मार्केट, समोसा मार्केट को जेसीबी से हटा दिया था। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रविवार को नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर व्यापारियों का पुनर्वास करने और उन्हें मुआवजा देने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

रविवार को कांग्रेस महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि पिछले दिनों प्रशासन ने 50 साल पुरानी दुकानों को हटा दिया। इससे व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ है। दुकानें टूटने की वजह से व्यापारियों पर रोजी–रोटी का संकट आ गया है। उन्होंने व्यापारियों को जल्द से जल्द दुकान के लिए जगह देने और अतिक्रमण के चलते व्यापारियों को हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है। इस दौरान महामंत्री रंजीत राणा, पार्षद सुरेश गोरी, मोनू निषाद, मोहन भारद्वाज, सुशील मंडल, अशफाक अहमद, सौरभ शर्मा, परवेज़ कुरैशी, उमर अली आदि मौजूद रहे।

## 154 नशीले इंजेक्शनों के चार आरोपी गिरफ्तार



रुद्रपुर। पुलभट्टा पुलिस ने नशीले इनजेक्शन की तस्करी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों से 65 नशे के इंजेक्शन और गोलियां बरामद हुई। वहीं एक अन्य मामले में 89 नशे के इंजेक्शन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसओ कमलेश भट्ट के नेतृत्व में चेकिंग अभियान के दौरान टेम्पो को रोका गया तीन लोग भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम राजीव टेम्पो चालक निवासी वार्ड नम्बर 14, वनभूलपुरा, मो. असलम निवासी वार्ड नम्बर 14 वनभूलपुरा और जीशान निवासी मोहम्मदी मस्जिद इन्द्रानगर वार्ड 21 वनभूलपुरा बताया। टेम्पो में 65 नशे में इंजेक्शन, गोलियां बरामद हुई। आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वे एक वर्ष से इंजेक्शन बेच रहे हैं और खुद भी नशा करते हैं। बताया कि आरोपी बहेड़ी में दादा मियां की मजार के सामने नासिर से नशा खरीदकर बेचते हैं। टीम में एसओ कमलेश भट्ट, एसआई कीर्ति भट्ट, एएस-आई प्रताप सुयाल, मनोज मेहरा, फिरोज खान, चरण सिंह, प्रवीण कुमार शामिल रहे।वहीं किच्छा पुलिस ने एक अन्य मामले में चेकिंग के दौरान बाइक सवार से पूछताछ की। उसने अपना नाम हरविन्दर सिंह निवासी देवरीफार्म बहेड़ी बताया। चेकिंग में उसके पास नशे के 89 इंजेक्शन बरामद हुए। आरोपी ने पुलिस ने बताया कि वह इंजेक्शन बहेड़ी से खरीदकर लाकर बेचता है।

## मासिक धर्म पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अल्मोड़ा। नेहरू युवा केंद्र और सोच संस्था की ओर से मासिक धर्म विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पीसीओडी और पीसीओएस समेत पीरियड्स के दौरान दर्द से आराम देने वाले योग के अलग–अलग आसनों के बारे में छात्राओं का जानकारी दी गई।

एसएसजे विवि के शिक्षा संकाय में आयोजित कार्यक्रम में प्रो. भीमा मनराल ने कहा कि सोच संस्था के भविष्य में भी शिक्षा संकाय विभिन्न सामाजिक मुद्दों को लेकर कार्य करेगा। कहा कि संस्था के प्रयासों से विभिन्न सामाजिक आयामों में बदलाव देखने को मिल रहा है।

### ग्रामीणों को दी विधिक जानकारी

अल्मोड़ा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से धौलादेवी ब्लॉक के ग्राम दियारखोली में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें पैरालीगल वॉलिंटयर्स नंदन सिंह और विजय कुमार ने ग्रामीणों को घरेलू हिंसा 2005, सड़क सुरक्षा के नियम, प्लास्टिक का प्रयोग ना करने की जानकारी व अपने घर के कूड़े को कूड़ेदान में डालने के लिए प्रेरित कर जागरूक किया। विधिक सेवा प्राधिकरणों के कार्यों के बारे में भी बताया।

## जनजाति के नेता कांग्रेस छोड़ भाजपा में हुए शामिल

रुद्रपुर। चकरपुर मंडल कार्यकारिणी ने बनकटिया, गांगी, खस्सीबाग क्षेत्र के जनजाति के जन प्रतिनिधियों को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। भाजपा में शामिल हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक का एक वर्ष का कार्यकाल बेहद निराशाजनक रहा। विधायक ने ग्रामीणों की उपेक्षा की और क्षेत्र में भी आना बंद कर दिया है। जिससे निराश होकर उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली है। रविवार को ग्राम गांगी में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा विधायक रहते हुए बहुत काम कराए। आज वह प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। उनके कार्यों से प्रभावित होकर वह भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं। इस दौरान गांगी खस्सीबाग के पूर्व ग्राम प्रधान मोले सिंह राणा, पूर्व ग्राम प्रधान बनकटिया बीना राणा, गांगी प्रधान बाल किशन राणा, मुन्ना सिंह राणा, प्रकाश राणा, रामचंद्र राणा, दिनेश राणा ने भाजपा की सदस्यता ली। यहां पूर्व जिपं रवींद्र राणा, गौरव सोनकर, विक्रम भाट, कमल दीप राणा, गणेश चौसली, भवानी भंडारी, संदीप राणा, रॉबिन राणा, कमला राणा, रामदास राणा, महेश राणा, तेज सिंह महर, हनुमान ज्वाला, भग्गी सिंह राणा, जयराम, ध्यान सिंह राणा रहे।

### तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

चम्पावत। पुलिस ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। एसपी लोकेश्वर सिंह के निर्देशन में नगर के पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित कार्यशाला में डॉ. अनुराग बिष्ट, अजीत सिंह, हिमानी जोशी, फूलमती ढ्यांकी, दीपक बडौला ने पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों को बताया कि तंबाकू स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है।

इसके सेवन से कैंसर, हाई ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारी, सांस की समस्या हो सकती है। उन्होंने स्वस्थ शरीर के लिए लोगों से तंबाकू से दूरी बनाए रखने की अपील की है।

## हत्या के आरोपियों को फांसी की सजा देने को लेकर प्रदर्शन किया

पिथौरागढ़। नामिक में अंकित की हत्या से आक्रोशित अंबेडकर यूथ समिति ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने शासन–प्रशासन से हत्या में शामिल आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। रविवार को नगर में अंबेडकर यूथ समिति अध्यक्ष कैलाश चन्याल के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने अंकित के न्याय दो के नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया। अध्यक्ष चन्याल ने कहा कि बीते दिनों अपने दोस्त के साथ नामिक गए अंकित की बेरहमी से हत्या की गई है। ऐसे लोगों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो। उन्होंने हत्या में शामिल तीनों आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। कहा कि अगर पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला और आरोपियों को फांसी की सजा नहीं दी गई तो वे सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे।

प्रदर्शन करने वालो में ग्राम प्रधान मनोज कुमार आर्य, पूर्व कनिष्ट प्रमुख पवन टम्टा, पंकज पिंटू, सुनील कुमार, सन्तोष कोहली, जीवन पाण्डेय, मन्टू शाह, दीपक कुमार, चन्दू कुमार, अशोक कुमार, बब्बू कुमार, अंकित कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## फर्जी वसीयत–मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर जमीन ट्रांसफर कराने का आरोप

काशीपुर। एक व्यक्ति ने कुमाऊं कमिश्नर से शिकायती पत्र देकर चार लोगों पर ताऊ की जमीन को फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र और वसीयत के आधार पर अपने नाम ट्रांसफर कराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शनिवार को आईटीआई थाना क्षेत्र के ग्राम पैगा निवासी सुमन कुमार पुत्र स्व. सुरेंद्र सरवड़ी ने कुमाऊं कमिश्नर को शिकायती पत्र दिया। उन्होंने कहा कि उसके ताऊ तरसेम लाल पुत्र रामशरण निवासी लाडो वाली रोड,जालंधर की आठ एकड़ भूमि पैगा गांव में उनके नाम थी। कहा कि उनके ताऊ की 30 नवंबर 2012 में मृत्यु हो गई। आरोप है कि उनके ताऊ तरसेम लाल की भूमि को सुदर्शन कुमार, सरजीत कुमार, सुखदेव कुमार और सतेंद्र कुमार ने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र और फर्जी वसीयत के आधार पर धोखाधड़ी कर अपने नाम करा ली। कुमाऊं कमिश्नर के आदेश पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की उठाई मांग

पिथौरागढ़। नगर के चंडाक क्षेत्र में लोग बंदरों के आतंक से परेशान हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन बंदर क्षेत्र में पहुंच रहे हैं। बंदर खेती को तो नुकसान पहुंचा ही रहे हैं साथ ही लोगों के घरों के भीतर जाकर सामान उठा ले जा रहे हैं। हालात यह हैं कि बंदरों के कारण लोग दिन के उजाले में भी घर के दरवाजे बंद करने को मजबूर हैं। लोगों ने वन विभाग से बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

### उपनल कर्मियों का धरना छुट्टी के दिन भी जारी

बागेश्वर। स्वास्थ्य विभाग में तैनात उपनल कर्मचारियों ने रविवार के दिन अवकाश के बाद भी कलक्ट्रेट में धरना दिया। उन्होंने सेवा अवधि बढ़ाने की मांग की। ऐसा नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। स्वास्थ्य विभाग में कोविड काल के दौरान तैनात उपनल कर्मियों की सेवा समाप्त हो गई है। उन्होंने कलक्ट्रेट पर अनिश्चितकालीन धरना–प्रदर्शन प्रारंभ कर दिया है। कहा कि गत वर्ष भी 31 मार्च को भी उनका सेवाकाल समाप्त हो गया था। आंदोलन किया और छह माह की सेवा बढ़ी। बीते 15 मार्च को फिर सेवा अवधि समाप्त हो गई है।

## शिक्षा से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है : दिगम्बर

अल्मोड़ा। राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसेरा का वार्षिकोत्सव पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

मुख्य अतिथि पूर्व विधायक महेश नेगी, ग्राम प्रधान सुंदर सिंह अधिकारी, बीडीसी दीपक अधिकारी, उपशिक्षा अधिकारी दिगम्बर लाल आर्या, गिरीश चौधरी, सुबेदार भीम सिंह अधिकारी और प्रधानाध्यापक गिरीश मठपाल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समापन पर कक्षा 5वीं के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मन के साथ विदाई दी गई। हेमंत कुमार की पुस्तक माटी का मोह का लोकार्पण भी किया गया। संचालन विनोद पपने एवं डॉ. दीपक मेहता ने किया।

यहां डॉली लोहनी, अंजू साह, लोक प्रकृति के अध्यक्ष डॉ. दीपक मेहता, ललित पांडे, खड़क सिंह अधिकारी, सरिता मठपाल, बीरेंद्र अधिकारी, कृपाल सिंह शीला, डॉ. नवीन जोशी, अनिल चौधरी, ग्राम प्रधान बसेरा, छतगुल्ला, धन्यारी व असगोली आदि मौजूद रहे।

# हजारों भक्तों ने लगाई श्रद्धा की डुबकी



शक्तिफार्म। मतुआ संप्रदाय के संस्थापक हरिचांद ठाकुर की 212वीं जयंती पर गुरुग्राम मंदिर में चार दिवसीय मतुआ मिलन कार्यक्रम शनिवार से शुरू हो चुका है। मतुआ मेले के दूसरे दिन रविवार (आज) तिथि अनुसार पर महावारुणी स्नान संपन्न हुआ।मंदिर परिसर में स्थित कामना सागर में दोपहर 1:10 बजे से स्नान शुरू हुआ। कामना सागर में हजारो अनुयायो ने लगाई श्रद्धा की डुबकी।जिसकी हरिचंद गुरूचंद मतुआ धर्म सेवा समिति द्वारा सभी तैयारियां की गई । इस दौरान मंदिर परिसर में मेले का भी आयोजन भी किया गया।श्री ओढ़ाकांदी धाम बांग्लादेश व सात समुद्र व देश की प्रमुख तेरह नदियों से लाए गए जल को कृत्रिम तालाब 'कामना सागर' में मिलाकर उसे पवित्र कर महावारुणी स्नान के लिए तैयार किया गया है। साथ ही उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा सहित कई अन्य राज्यों से पहुंचे उनके अनुयायी आज मंदिर परिसर में स्थित कामना सागर मे आस्था की डुबकी लगाकर महावारुणी स्नान में हिस्सा लिया मंदिर कमेटी द्वारा प्रशाद रूपी भंडारे का भी आयोजन किया गया।

### लमगड़ा में पिकअप से 155 पेटी अवैध शराब पकड़ी, चालक फरार

अल्मोड़ा। लमगड़ा पुलिस ने 155 पेटी अवैध शराब पकड़ी है। एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान एक पिकअप वाहन से अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की। आरोपी शराब से लदी पिकअप छोड़ भाग निकला। शहरफाटक के पास चेकिंग के दौरान एक पिकअप यूके 04 सीए 9034 को चेकिंग के लिए रोका तो चालक पिकअप रोककर वहां से फरार हो गया। तलाशी लेन पर वाहन में शराब बरामद हुई। टीम में एसओजी प्रभारी सुनील धानिक, एएनटीएफ प्रभारी सौरभ भारती, चौकी प्रभारी जैती सुनील कुमार, कांस्टेबल विरेंद्र सिंह, मोहम्मद यामीन, जितेंद्र सिंह बिष्ट, गिरीश प्रसाद शामिल रहे।

## बेरोजगार युवाओं को परीक्षा की तैयारी हेतु तिवारी क्लासेस का शुभारंभ

सितारगंज। उत्तराखंड सरकार द्वारा सरकारी पदों पर यूकेपीएससी द्वारा भारी–भरकम नियुक्तियों के लिए परीक्षा कार्यक्रम जारी करने के साथ ही सितारगंज में बेरोजगार युवाओं को परीक्षा की तैयारी हेतु तिवारी क्लासेस का शुभारंभ एक अप्रैल 2023 से किया जाना सुनिश्चित किया गया है हाथीखाना रामलीला मैदान के पास स्थित तिवारी क्लासेस के प्रबंधक व शिक्षक रितेश तिवारी स्वयं विगत कई वर्षों से देहरादून के प्रख्यात कोचिंग सेंटर में फैकल्टी के रूप में सेवारत हैं तथा पैसे से सॉफ्टवेयर इंजीनियर है तिवारी ने बताया कि सितारगंज छोटा सा कस्बा है लेकिन यहां के निवासी शिक्षा के प्रति काफी जागरूक हैं यही कारण है कि दर्जनों अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों व महाविद्यालयों में छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं सितारगंज क्षेत्र से छात्रों के प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु उच्च शिक्षा केंद्रों कूच करना पड़ता है जिस कारण छात्रों व अभिभावकों की समय की बर्बादी के साथ धन हानि है भी होती है वर्तमान सरकार द्वारा यूकेपीएससी द्वारा नई परीक्षाओं को कराए जाने के कारण आगामी परीक्षाएं छात्रों के लिए चुनौतीपूर्ण है पूर्व में संपादित होने वाली परीक्षाओं की तुलना में आगामी परीक्षाएं कुछ भिन्न है हमारा उद्देश्य छात्रों को नई पद्धति से तैयारी कराना तथा अधिक से अधिक छात्रों का चयन है इस हेतु 23 मार्च से निशुल्क डेमो क्लासेस एक सप्ताह तक जारी रहेंगे इच्छुक छात्रों का चयन कर एक अप्रैल से नियमित क्लासेज प्रारंभ की जाएगी तथा न्यूनतम शिक्षा शुल्क लेकर अधिकतम छात्रों को परीक्षा हेतु तैयार करना आदि।

### एसएसबी ने स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों को दवा बांटी

पिथौरागढ़। एसएसबी की 55वीं वाहिनी ने जौलजीबी के दूतिबगड़ में स्वास्थ शिविर लगाया।

इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। चिकित्सकों ने बारी–बारी से सभी लोगों की जांच कर उन्हें दवा बांटी। कार्यवाहक कमांडेंट अजय पाण्डेय ने बताया कि भारत सरकार के निर्देश पर स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जा रहा है।






### राज्य आंदोलनकारियों ने क्षैतिज आरक्षण व्यवस्था पर जताई खुशी

बागेश्वर। प्रदेश सरकार के राज्य आंदोलनकारियों को सरकारी नौकरी में 10 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण व्यवस्था पर मिष्ठान वितरित किया गया। कपकोट और नगर में सभाएं आयोजित हुई। उन्होंने गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाने की मांग की। राज्य आंदोलनकारी मोहन पाठक ने सरकार के निर्णय का स्वागत किया। कहा कि सरकार ने आंदोलनकारियों के हितों के लिए अच्छा कदम उठाया है। वक्ताओं ने सरकार से चिह्निकरण से छूट गए आंदोलनकारियों को भी प्रमाणपत्र और अन्य सुविधाएं देने की मांग की। उत्तराखंड को स्वावलंबी बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान संदीप साह, किशन सोनी, कुंदन लाल, हरीश जनौटी, रमेश टम्टा, सुरेश खेतवाल, धीरज कांडपाल, हरीश सोनी आदि उपस्थित थे।

# भाजपा मंडल की बैठक आयोजित



नैनीताल। सरोवर नगरी नैनीताल में भाजपा के प्रदेश नेतृत्व में भाजपा मंडल की बाडी स्तर बैठक मालड्न कटिज शेखर जोशी के आवास में आयोजित की गई। जिसमें मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट ने बताया नैनीताल नगर मंडल का स्त्रोत्यु शक्ति केंद्र की बैठक की जा रही है । जिसमें पूर्व के पदाधिकारी को अवसर दिया जायेगा अगर किसी कारण वह लोग इच्छुक नही होंगे तो नये चेहरे को मौका मिलेगा।

उन्होंने कहा बूथ स्तर पर गठन किया जायेगा उसके बाद पन्ना प्रमुख बनाये जाएंगे। श्री बिष्ट ने कहा मंडल में 15 शक्ति केंद्र है। 10 शक्ति केंद्र का गठन हो चुका है। उन्होंने कहा प्रदेश के नेतृत्व में यह गठन किया जा रहा है। यहाँ बता दें अभी स्थानीय निकाय चुनाव व उसके बाद अन्य चुनाव होने है। जिसके लिए भाजपा के कार्यकता व पदाधिकारी जगह जगह बूथों में व वाडों में जाकर जनता की समस्याओं को भी सुन रहे है । लोगों को विश्वास भी दिला रहे हैं सरकार द्वारा समस्याओं को हल करने का प्रयास भी किया जाएगा। इस दौरान भाजपा के विवेक वर्मा, नगर पालिका सभासद तारा राणा, ममता जोशी, भगवती बिष्ट, मुना जोशी, तुलसी कटैत, आशा चन्दोला,दीपा शुक्ला, भूपेंद्र बिष्ट, रोहित, प्रकाश,विनोद कुमार,हंसा, लाल सिंह,पदम सिंह, चंदन ,अरुण कुमार, श्रीमती पांडे, श्रीमती बिष्ट,गीता,समेत भाजपा की महिला व भाजपा कार्यकर्ता मोजूद रहे।

# यात्रा की सफलता के लिए व्यवसायियों से सहयोग मांगा

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम की यात्रा में बेहतर सुविधाएं जुटाने एवं समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी ने गुप्तकाशी में होटल व्यवसायियों के साथ बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि यात्रा के सफल संचालन में सभी व्यवसायी प्रशासन का सहयोग दें ताकि तीर्थयात्रियों को अच्छी सुविधाएं दी जा सके। इस मौके पर व्यापारियों के सुझाव लेते हुए उनकी समस्याएं भी सुनी। व्यापार संघ एवं होटल व्यवसायियों के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा यात्रा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन का पूरा सहयोग देने का भरोसा दिया गया। यात्रा मार्ग से केदारनाथ धाम तक पानी की समस्या, उचित पार्किंग व्यवस्था, यातायात, साफ-सफाई, लो वोल्टेज, विद्युत आदि को ठीक करने, विभिन्न क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट लगाने, नालियों की निकासी, सफाई, स्वास्थ्य सुविधाएं, सोनप्रयाग में व्यापारियों के लिए पार्किंग में निःशुल्क व्यवस्था, गौरीकुंड तक व्यापारियों एवं यात्रियों के आने-जाने की व्यवस्था, पुलिस के अच्छे व्यवहार के लिए प्रशिक्षण देने, केदारनाथ पैदल मार्ग में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाने, केदारनाथ धाम के व्यापारियों द्वारा केदारनाथ में खाद्य सामग्री एवं अन्य दुकानों का सामान पहुंचाने के लिए अलग से एक हजार घोड़े-खच्चरों की व्यवस्था करने, केदारनाथ धाम में यात्रियों के जूते-चप्पलों की व्यवस्था के लिए व्यापार मंडल को देने को लेकर जिलाधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम एवं यात्रा मार्ग में स्थानीय लोगों को ही छप्पर-टैंट लगाने की पहले प्राथमिकता दी जाए। इसके साथ ही होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा गुप्तकाशी में सभी होटलों के रजिस्ट्रेशन कराने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा तथा फूड लाईसेंस निर्गत कराने के लिए खाद्य विभाग द्वारा कैम्प लगाने का अनुरोध किया गया। जिलाधिकारी ने सभी व्यापारियों से होटल व्यवसायी एवं व्यापारी अपनी-अपनी दुकानों एवं होटल, ढाबों, रेस्टोरेंटों में रेट लिस्ट जरूरी रूप से लगाने के निर्देश दिए। किसी भी व्यक्ति द्वारा ओवर रेटिंग न की जा सके। बैठक में उप जिलाधिकारी ऊखीमठ जितेंद्र वर्मा, जिला पंचायत सदस्य गणेश तिवारी, अध्यक्ष व्यापार मंडल केदारनाथ चंडी प्रसाद तिवारी, गौरीकुंड राम गोस्वामी, सोनप्रयाग अंकित गैरोला, सीतापुर अशोक उनियाल, गुप्तकाशी मदन रावत, ऊखीमठ राजीव भट्ट, चोपता भूपेंद्र मैठाणी, अगस्त्यमुनि त्रिभुवन सिंह, रुद्रप्रयाग अंकुर खन्ना, होटल एसोसिएशन से अमित मैंखंडी, प्रमोद नौटियाल, राजेंद्र सिंह नेगी, अंकित राणा सहित अन्य प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## पशगांव में छत्रधारी चालदा महाराज चालीस साल बाद बिराजेंगे

विकासनगर। लंबे समय से इंतजार के बाद 29 अप्रैल को छत्रधारी चालदा महाराज समाल्टा मंन्दिर से खत दसऊ पशगांव में 40 साल बाद आराध्य देव श्री चालदा महासू देवता का प्रवास होगा। देवता एक मई को खत बमटाड के नराया गांव से दसऊ गांव स्थित भव्य मंन्दिर मे विराजमान होंगे। देवता के प्रवास को लेकर खत व कर्मचारियों की रविवार को दसऊ मंदिर प्रांगण में मुख्य मंदिर समिति और खत कर्मचारी समिति के मध्य खत की बैठक हुई। जिसमे विभिन्न बिंदुओं पर सार्थक चर्चा हुई। कर्मचारियों ने इक्कीस लाख रूपए की धनराशि का चेक प्रथम किश्त के रूप में खत कर्मचारी समिति के अध्यक्ष जगत सिंह ,कोषाध्यक्ष विक्रम शर्मा आदि लोगों ने मुख्य कोषाध्यक्ष नारायण सिंह को सप्रेम सहयोग के रूप में भेंट किया।

# वनाग्नि सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन किया

उत्तरकाशी। टौंस वन प्रभाग की ओर से रामा सिराई के धामपुर में क्षेत्र की डेढ़ दर्जन वन पंचायतों के साथ वनाग्नि सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें सभी ग्रामीणों ने वनो को आग से बचाने का संकल्प लिया।

रविवार को धामपुर गांव में आयोजित गोष्ठी में मठ, कंडियाल गांव, महरगांव, लंमकोटी, कोटी, मोल्टाडी व देवडुंग आदि डेढ़ दर्जन से अधिक वन पंचायत के अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर सभी ने अग्निकाल के दौरान वनसुरक्षा को वन कर्मियों के साथ महिला मंगल दलों व युवक मंगलदल नेशन पंचायतों के साथ सहयोग का संकल्प लिया। वनाग्नि गोष्ठी में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पीएल हिमानी ने ग्रामीणों से सूखे के दौरान वन्य जीवों व छोटी-छोटी पौधों को आग से बचानें की अपील की। इस मौके पर उप वन संरक्षक सुबोध काला ने जंगलों-वन्य जीवों को आग से बचानें का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए वन पंचायतों,महिला मंगल दलों को जानकारी दी व कहा कि पंचायतों व विभाग के माध्यम टौंस वन प्रभाग क्षेत्र में वनों एवं वन्य जीवों को अग्निकाल व सूखे से सुरक्षा को लेकर 30 चाल-खाल एवं 10 अमृत सरोवरों का जगह-जगह निर्माण कराया गया है।

इस अवसर पर एसडीओ विजय सैनी,जगमोहन रावत,दशरथ सिंह,प्रकाश कुमार,प्रताप रावत, रणवीर रावत,राजेंद्र लाल, ओमप्रकाश गैरोला, एसडीओ विजय सैनी,रेंज अधिकारी,अचल गौतम,आशुतोष विजल्वाण आदि ग्रामीण,वन पंचायत सदस्य,महिला मंगल,युवक मंगल दलों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## शिविर में हुआ 90 यूनिट रक्तदान

विकासनगर। श्री रामलीला समिति तिकोना पार्क डाकपत्थर की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 90 रक्तदाताओं ने 90 यूनिट रक्तदान किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विकासनगर विधायक मुन्नासिंह चौहान ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है।

कहा कि एक व्यक्ति के रक्तदान से तीन लोगों की जिंदगी का जीवन बचाता है।रक्तदान शिविर को शुभारंभ मुख्य अतिथि मुन्नासिंह चौहान ने किया। इस मौके पर विधायक चौहान ने कहा कि रक्तदान एक महादान है जिसके लिए लोगों को बढ चढकर आगे आना चाहिए। कहा कि इससे बढकर कोई पुण्य नहीं है।

# बजट में श्रेष्ठ राज्य बनाने को तमाम प्रावधानः कोठियाल

नई टिहरी। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कर्नल अजय कोठियाल ने कहा कि प्रदेश सरकार के बजट में प्रदेश को इस दशक में देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए संपूर्ण तैयारियों का खाका खींचा गया है। जिसका प्रभाव जल्दी ही आम लोगों को दिखेगा। कर्नल कोठियाल भाजपा कार्यालय में बजट को लेकर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के 77 हजार करोड़ से अधिक के बजट में प्रदेश के सर्वांगीण विकास को लेकर तैयारियों की गई है। बजट में प्रदेश के विकास के लिए पुराने नियम कानूनों को बदलने का भी प्रावधान है। जिसमें एक्सपर्टों की मदद से पूरी तैयारी के साथ बदलाव किये जायेंगे। प्रदेश सरकार ने युवाओं, महिलाओं, बजुर्गों से स्टूडेंट को ध्यान में रखते हुए बजट में तमाम प्रावधान किये हैं। इसके अलावा बजट की मदद से प्रदेश में तकनीकी कौशल बढ़ाने, उन्नति कृषि व उद्यानिकी, आपदा व पुर्नवास तंत्र को मजबूत करने, मोटे अनाज के उत्पादन को बढ़ाकर स्वरोजगार को बढ़ावा देने, ईको टूरिज्म के साथ एस्ट्रो टूरिज्म को बढ़ाने, ट्राउट मछली के उत्पादन के लिए नीती, टिहरी झील में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 15 करोड़ की राशि का प्रावधान, नेशनल पार्कों में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाना, कौशल विकास की मदद से प्रत्येक क्षेत्र में एक्सपर्ट लोगों का पैदा करना, उन्नत पशुपालन को विकसित करना, सैन्य कल्याण को प्रदेश में मजबूत करना, प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों को गौचर व चिन्यालीसौड़ की भाँति एअर कनेक्टिविटी से जोड़ना, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए डाक्टरों को दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचाना, शिक्षा को सुगम बनाना, युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़कर खेल के क्षेत्र में सुधार करने के कामों के लिए प्रावधान किये गये हैं। प्रदेश को रोजगार के स्वरोजगार से बढ़ाने के लिए पर्यटन व उर्जा के क्षेत्र में तमाम विकल्पों को खोलने की ओर कदम बढ़ाने का काम बजट के भीतर किया जायेगा।

## रुद्रप्रयाग से बड़ी संख्या में किसान मजदूर करेंगे दिल्ली कूच

रुद्रप्रयाग। सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन की बैठक में फैसला लिया गया कि केंद्र की मोदी सरकार की किसान-मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ आगामी पांच अप्रैल को दिल्ली कूद किया जाएगा। आंदोलन की सफलता के लिए रैली में जनपद से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता प्रतिभाग करेंगे। जिला मुख्यालय में आयोजित बैठक सीटू जिलाध्यक्ष लक्ष्मी देवी की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर सीटू जिला महामंत्री वीरेन्द्र गोस्वामी ने कहा कि पांच अप्रैल को दिल्ली में होने वाली रैली में देशभर से लाखों किसान प्रतिभाग करेंगे। जिसमें सीटू, किसान सभा एवं खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ता शामिल होंगे। जनपद से भी सैकडों किसान व मजदूर प्रतिभाग लेंगे। रैली में मुख्य मुददे न्यूनतम मजदूरी 26 हजार प्रतिमाह की जाए।

## केदारनाथ हाईवे का डीएम ने किया निरीक्षण

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम की यात्रा तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने यात्रा मार्ग के कुंड से गुप्तकाशी तक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिन स्थानों में जाम की स्थिति बनी रहती है, ऐसे जगहों पर सड़क मार्ग को शीघ्र दुरस्त करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग को निर्देश दिए। उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों का कुंड से गुप्तकाशी तक संबंधित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग राजवीर सिंह चौहान एवं संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिए हैं कि यात्रा मार्ग सेमी से गुप्तकाशी तक जहां संकरा है और जाम की स्थिति बनी रहती है, ऐसे स्थानों को यात्रा शुरू होने से पूर्व दुरुस्त किया जाए। उन्होंने सेमी के पास चल रहे रोड कटिंग के कार्यों को तीव्र गति से करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने एनएच को श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकरी ने यह भी निर्देश दिए कि जिन स्थानों पर भू-धंसाव की स्थिति पैदा हो रही है वहां पुश्ता लगाए जाएं।

# डीजीपी ने अफसरों को दिए चारधाम यात्रा की तैयारी के निर्देश



रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड के पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने चारधाम यात्रा को देखते हुए रुद्रप्रयाग पहुंचकर यहां अफसरों, कर्मचारियों एवं जवानों का हौसला बढ़ाया। साथ ही चारधाम यात्रा के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। डीजीपी ने कहा कि चारधाम यात्रा में समर्पण और निष्ठा भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस दौरान उन्होंने पुलिस कार्मिकों से संवाद भी किया।

रविवार को रुद्रप्रयाग में पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने जनपद के पुलिस कार्मिकों से उनकी समस्याएं पूछी। कहा कि अधीनस्थ पुलिस कार्मिकों के वैलफेयर और मनोबल बढ़ाए जाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। कहा कि पुलिस बल के आधुनिकीकरण की दिशा में भी कार्य चल रहे हैं। उत्तराखंड राज्य के अधिकांश जनपदों में हाल ही में कुल 6 थाने व 20 पुलिस चौकियां सृजित कर अधिक से अधिक क्षेत्र को पुलिस के अधीन सम्मिलित किया गया है। जनपद रुद्रप्रयाग में सृजित 2 रिपोर्टिंग पुलिस चौकियों के गांवों मे निरन्तर भ्रमण कर जनता के बीच पहुंचकर संवाद स्थापित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। ऊखीमठ क्षेत्र के चोपता में खुली पुलिस चौकी का पर्यटन एवं तुंगनाथ धाम की यात्रा की दृष्टि से अत्यधिक महत्व है। अभी से तुंगनाथ क्षेत्र में पुलिस पेट्रोलिंग की जाए। जनपद रुद्रप्रयाग में स्थित केदारनाथ धाम में बीते कुछ सालों से बड़ी संख्या में तीर्थयात्री आ रहे हैं। ऐसे में नियुक्त होने वाले पुलिस बल द्वारा अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण मनोयोग से किया जाए। पुलिस महानिदेशक ने जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे, सीओ प्रबोध घिल्डियाल, सीओ सुवर्द्धनी सुमन के साथ यात्रा व्यवस्थाओं के संबंध में तैयारियों की समीक्षा की। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यात्रा संबंधी प्रशासनिक तैयारियों के साथ ही प्रशासन व पुलिस के नियुक्त होने वाले कार्मिकों की आवासीय व्यवस्था की जा रही है। पैदल मार्ग पर बर्फ हटाये जाने तथा राष्ट्रीय राजमार्ग सहित राज्य मार्गों को दुरुस्त किया जा रहा है। सोनप्रयाग व सीतापुर की स्थायी पार्किंगों के अलावा अन्य स्थानों पर भी अस्थायी पार्किंग व्यवस्थित की जा रही हैं। डीजीपी ने केदारनाथ धाम परिसर में भीड़ नियन्त्रण व सुगम दर्शन कराने के लिए सेक्टरों में विभाजित कर अनुभवी निरीक्षकों को नियुक्त कर आवश्यक पुलिस प्रबन्धन करने के निर्देश दिए। पैदल मार्ग पर लैंडस्लाइड स्थलों का चयन कर एसडीआरएफ व जरूरी पुलिस बल तैनाती, राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों के निकट पर्याप्त संख्या में जेसीबी, पोकलैंड मशीन रखने, पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि इस बार की यात्रा के सफल संचालन के लिए विभिन्न दायित्वों के सम्पादन के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती की जा चुकी है। यात्रा व्यवस्थाओं के सफल संचालन व भीड़ नियन्त्रण के लिए पुलिस स्तर से नियुक्त होने वाले सेक्टर पुलिस अधिकारियों की तर्ज पर प्रशासन स्तर से भी सेक्टर अधिकारी तैनात किए जा रहे हैं। भीड़ नियत्रंण के लिए केदारनाथ धाम परिसर में बैरिकेडिंग कराई जा रही है। इस वर्ष धाम के लिए हेली सेवा देने वाली कंपनियों को जरूरी निदेश दिए जारी किए जाने के लिए यूकाडा से अनुरोध किया गया है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने थराली में किया पथ संचलन

चमोली। हिंदू नव वर्ष प्रारंभ के पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा थराली में पथ संचलन किया गया। संचलन में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय स्वयंसेवक से जुड़े स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। रविवार को पूर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े स्वयंसेवक थराली स्थित रामलीला मैदान में एकत्रित हुए यहां से कतारबद्ध स्वयंसेवकों ने बैंड की धुन पर रामलीला मैदान से थराली तिराहे तक पथ संचलन किया। इस दौरान थराली मुख्य बाजार में महिलाओं एवं बच्चों ने संचलन कर रहे स्वयं सेवकों पर फूलों की वर्षा की। संचलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक के जिला प्रचारक जयदीप, कर्णप्रयाग जिला कार्यवाह विष्णु भट्ट, थराली के खंड कारवां रमेश पुरोहित, देवाल के खंड कारवां सुरेशानंद कुनियाल सहित अन्य स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

## सड़क सुरक्षा के प्रति जनता को करें जागरूक

रुद्रप्रयाग। सड़क सुरक्षा के प्रति जनता को जागरूक करने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने अफसरों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा में बरती जा रही लापरवाही के प्रति कार्रवाई की जाए। कलक्ट्रेट में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आम जनता के लिए सुरक्षा नियमों की जानकारी देने को कहा। ताकि कोई भी तेज रफ्तार, शराब पीकर वाहन चलाने एवं बिना हेलमेट के कोई दुर्घटना न हो सके। उन्होंने परिवहन, राजस्व व पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी समय-समय पर संयुक्त निरीक्षण करते हुए चैकिंग अभियान चलाएं। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल सहित सभी अधिकारी मौजूद थे।

## चंबा में भाजपा का शक्ति केंद्र सम्मलेन

नई टिहरी। चंबा में भाजपा के शक्ति केंद्र सम्मेलन में वक्ताओं ने पार्टी को बूथ स्तरों तक मजबूत करने के साथ मिलकर सरकार की योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने की अपील की। चंबा कस्बे के जीएमवीएन सभागार में प्रदेश कार्य समिति सदस्य खेम सिंह चौहान के नेतृत्व में अयोजित शक्ति केंद्र सम्मेलन में केंद्र और प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने, आगामी निकाय, लोक सभा और पंचायत चुनाव हेतु बूथ स्तरों तक पार्टी को मजबूत करने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया। प्रदेश कार्य समिति सदस्य खेम सिंह चौहान ने कहा कि सभी को मिलकर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के साथ पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये कार्य करना होगा। कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से इस बार समावेशी बजट पेश किया है, बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। कहा जब बूथ मजबूत होंगे, तभी संगठन और पार्टी को देश और प्रदेश में मजबूती मिलेगी। सम्मेलन में चंबा मंडलध्यक्ष संदीप रावत, विक्रम चौहान, सुनैना शाह, कुशलानंद सकलानी, विरेन्द्र सेमवाल, दिनेश भंडारी, अनिता कोठारी, रानी नेगी, बीना धनोला आदि उपस्थित थे।

## प्रेमनगर में पैदल जा रही युवती का मोबाइल छीना

देहरादून। प्रेमनगर में पैदल जा रही युवती का मोबाइल छीन लिया गया। पीड़िता चिल्लाई तब तक दुपहिया सवार दूर जा चुका था। उसकी तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर प्रेमनगर प्रदीप बिष्ट ने बताया कि घटना शनिवार रात की है। आरती निवासी विंग छह, प्रेमनगर अपने घर से पैदल अपनी दोस्त के यहां जा रही थी। इस दौरान वह फोन पर बात कर रही थी। तभी दुपहिया सवार युवक आया। उसना झपाटा मारा और लड़की का मोबाइल छीनकर फरार हो गया। अचानक झपाटा लगने से पीड़िता सहम गई। जब तक संभलकर चिल्लाती आरोपी वहां से दूर जा चुका था।

# श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में बीए की प्रवेश की तिथि 30 मार्च तक

नई टिहरी। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में शास्त्री(बीए) प्रथम वर्ष में प्रवेश तिथि 12 से बढ़ाकर 30 मार्च तक कर दी गयी है। परिसर निदेशक प्रो.पीवीबी सुब्रह्मण्यम ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राक्शास्त्री (ग्यारहवीं), शास्त्री और आचार्य(एमए) में प्रवेश के लिए पिछले वर्ष से अखिल भारतीय स्तर पर परीक्षा शुरू की गयी है। उत्तराखंड के अनेक विद्यार्थियों ने इस टेस्ट को क्वालीफाई कर तीनों कक्षाओं में प्रवेश लिया है। प्राक्शास्त्री व आचार्य के लिए शीघ्र ही तिथि जारी की जाएगी। प्रो. सुब्रह्मण्यम ने बताया कि इस वर्ष से परिसर में रोजगारपरक पाठ्यक्रम भी शुरू किए जा रहे हैं। यहां लगभग छह सौ विद्यार्थियों की आवासीय और भोजन व्यवस्था सामान्य शुल्क पर उपलब्ध है। शास्त्री में प्रवेश के लिए 12वीं तक संस्कृत विषय अनिवार्य नहीं है।

परिसर से वेद, व्याकरण, ज्योतिष, साहित्य तथा दर्शन विषयों में स्नातकोत्तर व पीएचडी तथा स्नातक स्तर तक शारीरिक शिक्षा, हिन्दी, अंग्रेजी, कंप्यूटर, इतिहास पढ़ाए जाते थे। परन्तु प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से संबद्ध होने से रोजगारपरक पाठ्य क्रम भी शुरु होने जा रहे हैं। प्रो. सुब्रह्मण्यम ने बताया परिसर में हिमाचल, उत्तर प्रदेश, असम, बंगाल आदि के छात्र छात्राएं शिक्षा ले रहे हैं। छात्रों के मार्गदर्शन एवं सहायता के लिए इस बार न्यू स्टूडेंट सेल बनायी गयी है। जिसमें 7579466081 तथा 7979882977 नंबरों से जानकारी ली जा सकती है। प्रवेश परीक्षा का सिलेबस परिसर की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## वीर शहीद केसरी चंद मेले के सफल आयोजन की तैयारियों को लेकर की बैठक

विकासनगर। शहीद केसरी चंद स्मारक समिति द्वारा बैठक आयोजित कर शहीद मेले की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। तय किया गया कि मेले में बाहरी क्षेत्रों से श्रद्धांजलि देने आने वाले लोगों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाय। रविवार को रामताल गार्डन में आयोजित बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने मेले को सफल बनाने पर विचार किया समिति के अध्यक्ष संजीव चौहान ने बताया कि बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंच के पास बने शौचालय का मेले से पहले सुधारीकरण करने के साथ रामताल गार्डन में पर्यटन विभाग द्वारा किये गए विकास कार्यों में जो कमियां हैं, उन्हें मेले से पहले सही कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि मेले में लगने वाली दुकानों के संचालकों को सख्त निर्देश दिया जाएगा कि प्लास्टिक के डिस्पोजेबल का प्रयोग न किया जाए। कहा कि मेले में जौनसार बावर रवाई जौनपुर क्षेत्र से हजारों लोग शहीद को श्रद्धांजलि देने आते हैं, उनकी सुविधाओं का भी ख्याल रखा जाएगा। ब्लाक प्रमुख कालसी मठोर सिंह ने कहा कि मेले को सफल बनाने के लिए सरकार द्वारा हर प्रकार का सहयोग किया जाएगा व पूरा प्रयास करेंगे कि सी एम मेले में पहुंचे। बैठक में कोषाध्यक्ष गम्भीर सिंह चौहान, सचिव अनुपम तोमर, प्रदीप तोमर, प्रशांत जोशी, भोपाल दास , गोपाल दास आदि उपस्थित थे।

## चमोली के परमजीत बिष्ट ने ओलंपिक के लिए किया क्वालिफाई

देहरादून। उत्तराखंड के चमोली निवासी नेशनल एथलीट परमजीत बिष्ट ने एशियन रेस वॉक चैंपियनशिप में नवां स्थान किया है। इसी के साथ उन्होंने ओलंपिक, वर्ल्ड चैंपियनशिप और एशियन गेम्स जैसी तीन शीर्ष प्रतियोगिताओं के लिए क्वालिफाई कर लिया है। उन्होंने 1.20.06 समय में रेस पूरी की। चमोली जिले के खल्ला गांव निवासी परमजीत वर्तमान में इंडियन नेवी में सेवारत हैं। उनके कोच गोपाल बिष्ट ने बताया कि इनदिनों जापान में एशियन रेस वॉक चैंपियनशिप चल रही है। इसमें भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए परमजीत ने ओलंपिक में खेलने के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। परमजीत करीब डेढ़ साल से बंगलुरू में इंडिया कैंप में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

## कनिष्ठ सहायक के चयनित अभ्यर्थियों ने मांगी नियुक्ति

देहरादून। कनिष्ठ सहायक भर्ती के चयनित अभ्यर्थियों ने जल्द नियुक्ति की मांग उठाई है। अभ्यर्थियों ने बताया कि 20 मार्च 2023 को कनिष्ठ सहायक 757 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों यूकेएसएसएससी जाएंगे। आयोग कनिष्ठ सहायक परीक्षा को क्लीन चिट मिलने के 80 दिन बाद भी चयनित अभ्यर्थियों का न तो अभिलेख सत्यापन करा पाया है न ही नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर रहा है। अभ्यर्थियों की ओर से बताया गया कि 31 जनवरी 2023 को कहा गया था कि मार्च के दूसरे हफ्ते में परीक्षा की टंकण परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया जाएगा। इसके बाद अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया शुरू होगी, लेकिन अभी तक आयोग अभिलेख सत्यापन के लिए कोई भी निश्चित तिथि निर्धारित नहीं कर पाया है। इस कारण सभी चयनित अभ्यर्थी परेशान हैं। अभ्यर्थी एक सूत्री मांग ह्यअभिलेख सत्यापन और नियुक्ति को लेकर 20 मार्च को आयोग जाएंगे। आयोग के अध्यक्ष और सचिव के सामने अपनी मांग रखेंगे।

# पहाड़ में बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाना मुख्य उद्देश्यः रावत

**कोटद्वारः** स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण में ब्रिड्कुल द्वारा निर्मित कला संकाय के दो कक्षों का लोकार्पण उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उच्चशिक्षा मंत्री डा.धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में 20 मॉडल कॉलेज बन रहे हैं जिसमें से थलीसैंण महाविद्यालय भी सम्मिलित है। कहा कि पहाड़ में बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाना उनका मुख्य उद्देश्य है।

कहा कि सभी महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिए एक नई छात्रवृत्ति योजना इसी वर्ष शुरुआत की जा रही है। जिसमें सभी कक्षाओं में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को एक निश्चित धनराशि दी जाएगी । आगामी सत्र से सभी छात्र छात्राओं की उपस्थिति पोर्टल के माध्यम से होगी और परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य होगी। ई-ग्रंथालय के द्वारा प्रदेशभर के सभी पुस्तकालयों को एक साथ जोड़ा जा रहा है जिससे छात्र घर से ही पुस्तकालय सेवा प्राप्त कर सकते हैं` इसके अतिरिक्त निक्षय मित्र , एंटी ड्रग्स, ई-गवर्नेंस पर सरकार के पहल के विषय में बताया। साथ ही मंत्री ने महाविद्यालय को छात्र फर्नीचर, वाटर कूलर, पुस्तकालय के लिए अलमारी, फोटो स्टेट मशीन व अन्य सुविधाएं देने की घोषण की। इस मौके पर प्राचार्य डा. रेनू रानी बंसल ने महाविद्यालय द्वारा विगत वर्ष की उपलब्धियों को बताया।

बताया कि महाविद्यालय द्वारा नैक कराने की प्रक्रिया गतिमान है। उन्होंने महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र व गृह विज्ञान विषयों में प्राध्यापकों व नवसृजित विषयों में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को उपलब्ध कराने की मांग की।

## प्रतापनगर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया

नई टिहरी। सपोर्ट टू प्री प्राइमरी कार्यक्रम के तहत प्रतापनगर क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को राइंका लंबगांव में सात दिवसीय बालवाटिका प्रशिक्षण दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी पूनम चौहान ने कहा कि प्रशिक्षण में छह वर्ष तक की आयु के बच्चों के सर्वागीण विकास हेतु महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर रेशमा रावत ने कहा कि बच्चों के मास्तिक का सर्वाधिक विकास इसी आयु के दौरान होता है, साथ ही इस अवस्था में बच्चों का शारीरिक स्वास्थ्य, सृजनात्मक, भावात्मक, सामाजिक संज्ञानात्मक और भाषाई विकास भी होता है, इसके लिये आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सात दिनों तक प्रशिक्षित किया गया है। मौके पर बीआरसी रमेश गरकोटी,दुर्गा बिष्ट,कुसुमलता भट्ट,संतोषी बिष्ट, सविता कुमाईं, सोबती बिष्ट, कविता डोभाल, पवना उनियाल, राखी जोशी, सवित्री, लक्ष्मी देवी, पूजा, सुनीता, सुशीला रीना देवी, दुर्गा, पुष्पा देवी,दुर्गा देवी, रजनी रावत, उदमा देवी, उर्मिला राणा साधना आदि उपस्थित थे।



## इक्वाडोर में भूकंप ने मचाई तबाही

**क्विटो , एजेंसी।** पेरू और इक्वाडोर में आए शक्तिशाली भूकंप में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक शख्स घायल हो गया। इसके साथ ही भूकंप में कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं। इक्वाडोर में माचला और कुएनका जैसे शहरों में क्षतिग्रस्त इमारतों, कुचले हुए वाहनों और मलबे को देखा जा सकता है। हालांकि बचाव अधिकारी सहायता के लिए पहुंचे. लेकिन स्थानीय लोग घबराकर सड़कों पर पहुंच गए। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे ने भूकंप की तीव्रता 6.8 मापी और जिसकी गहराई 41 मील (66 किलोमीटर) है। स्थानीय समयानुसार भूकंप 12.12 पर आया। अधिकारियों ने कहा कि इसका एपिसेंटर पेरू की सीमा के पास बालाओ की इक्वाडोर नगरपालिका में था। मैगली एस्कांडोन ने एएफपी को बताया, कि मैं सड़क पर निकल गई क्योंकि मैंने देखा कि लोग घबराहट में अपनी कारों से बाहर निकलने लगे।

इक्वाडोर के राष्ट्रपति ने एक ट्वीट में कहा कि अब तक 12 मौतों की सूचना है (11 एल ओरो प्रांत में और एक अजुए प्रांत में)। सोशल मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि गुआयाकिल, क्विटो, मनाबी और मांटा सहित अन्य शहरों में भी झटके महसूस किए गए। पेरू में अब तक किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। इक्वाडोर के राष्ट्रपति गुइलेमी लासो ने ट्विटर पर एक संदेश में लोगों से शांत रहने का आग्रह किया।

## यमुना एक्सप्रेसवे पर दो कारों के बीच टक्कर, आठ घायल

**ग्रेटर नोएडा(एजेंसी)।** ग्रेटर नोएडा के थाना दनकौरेमुना एक्सप्रेस वे पर आगरा से नोएडा मार्ग पर बीती देर रात दो कारों के बीच हुई भीषण टक्कर में दो बच्चों समेत 8 लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से घायलों को अस्पताल ले जाया गया। मरीजों की हालत काफी गंभीर है। एडिशनल डीसीपी ग्रेटर नोएडा राजीव दीक्षित ने बताया कि यमुना एक्सप्रेस वे पर शनिवार देर रात आगरा से नोएडा आने वाले मार्ग पर तेज रफ्तार आर्टिगा कार और एक अन्य कार के बीच भीषण टक्कर हो जाने के कारण दोनों गाडियों के परखच्चे उड़ गए। एक्सीडेंट की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दो बच्चों 6 साल की रौनक और 2 साल की रिद्धि समेत ओम प्रकाश गोयल, उनकी पत्नी लता देवी गोयल, प्रशांत गोयल, पंकज गोयल और उनकी पत्नी शालू गोयल और मुकेश सैनी को एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# राजस्थान में 'रिवाज बदलेगा' को लेकर कांग्रेस का दांव, तैयारियों के लिए दिल्ली से मिल रहे निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले कुछ महीनों के भीतर ही राजस्थान में विधानसभा के चुनाव होने हैं। अब सवाल यही है कि क्या राजस्थान में भी हर पांच साल पर बदलने वाली सरकार का "रिवाज बदलेगा" या "रिवाज कायम रहेगा"। इसको लेकर राजनीतिक दलों ने अपने अपने तरीके से सियासी दांवपेच चलने शुरू कर दिए हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सरकार बदलने वाले रिवाज को बदलने के लिहाज से ऐसा सियासी दांव चला है जिसको कि मास्टर स्ट्रोक के तौर पर देखा जा रहा है।



सात जिलों को बनाने की तैयारियों के बीच गहलोत ने 19 जिले बनाने का दांव चलकर सियासी हवाओं को एक अलग ही दिशा दे दी है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि गहलोत सरकार की ओर से जिले बनाने से ना सिर्फ स्थानीय लोगों को साधने की कोशिश की है, बल्कि जातिगत समीकरणों के लिहाज से भी बड़ा दांव चला है। भारतीय जनता पार्टी ने इसको सियासी दांव ही माना है।

इस साल कई राज्यों में विधानधान सभा के चुनाव होने हैं। राजस्थान उनमें प्रमुख राज्य है। राजनीतिक विश्लेषकों हरिओम शर्मा का कहना है कि बीते चार चुनावों से इस प्रदेश में सरकार हर पांचवें साल रिपीट ना होने का चलन हो गया है। ऐसे में अगर उस रिवाज की बात की जाए तो राजस्थान में कांग्रेस की सरकार रिपीट होती नहीं दिख रही है। इसी बदले रिवाज को लेकर कांग्रेस ने सियासी दांव चलकर राजस्थान में माहौल बदलने की कोशिश शुरू कर दी है। शर्मा कहते हैं जिस तरीके से राजस्थान में 19 जिले नए बना दिए गए वह सियासी रूप से कांग्रेस के लिए बहुत फायदेमंद नजर आ रहा है। उसके पीछे उनका तर्क यह है कि नए जिले बनाने से स्थानीय लोगों की बहुत सी जरूरतें और समस्याओं का समाधान होगा। खासतौर से उन जिलों के लोगों को ज्यादा सहूलियत होगी जो कि 100 किलोमीटर से ज्यादा की दूरी तय करके अपने जिला मुख्यालय पहुंचते थे। शर्मा का मानना है कि अशोक गहलोत ने राज्य के बजट के जारी होने के बाद तीसरी बार इस तरीके की बड़ी घोषणा करके सियासी हलचल पैदा की है।

राजस्थान में ऐसा पहली बार हुआ है कि एक साथ 19 जिले बनाए गए। राजस्थान के राजनीतिक विश्लेषक आरएन मीना कहते हैं कि जिस तरह से अशोक गहलोत ने 7 जिलों की जगह पर 19 जिले और तीन नए संभाग बनाए हैं वह सियासी नजरिए से उनकी गणित में फिट बैठ रहे हैं। उनका कहना है कि राजस्थान के जिन 19 जिलों को बनाने के साथ इलाकों की जातिगत समीकरणों को साधा गया है वह किसी भी राजनीतिक दल के लिए चुनावी सीजन में मुनाफे का सौदा हो सकता है। वह उदाहरण के तौर पर कहते हैं कि राजस्थान में नए जिले बने कोटपूतली में न सिर्फ जातिगत समीकरण सधेंगे बल्कि लोगों को सवा सौ किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय जयपुर पहुंचने की जद्दोहद से भी बचाया जा सकेगा।

वह कहते हैं कि इसके अलावा ऐसा करके नए बनाए गए जिलों के जातिगत समीकरणों को साधने वाले नेताओं को मजबूत कर चुनाव में अपनी पकड़ बनाने का भी अशोक गहलोत ने मास्टर स्ट्रोक वाला दांव चला है।

सियासी जानकारों का मानना है कि बीते चार चुनावों से राजस्थान में जिस तरीके से एक रिवाज बन गया है सरकार के रिपीट ना होने का उस लिहाज से सत्ता पक्ष के रिपीट न होने का खतरा दिख रहा है। हालांकि कांग्रेस पार्टी से जुड़े नेताओं का कहना है कि इस बार राजस्थान में सरकार बदलने का रिवाज बदलेगा। उनका कहना है कि हर पांच साल पर सरकार बदलने का ट्रेंड इस बार नहीं दिखेगा। इसके पीछे तर्क देते हुए कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि लंबे समय से राजस्थान में कई जिलों की मांग की जा रही थी। सात जिले तो ऐसे थे जिनको बनाने को राज्य की एक कमेटी ने भी अपनी सिफारिश की थी।

पार्टी से जुड़े वरिष्ठ नेता कहते हैं अशोक गहलोत ने जिस तरीके से राजस्थान में इतना बड़ा फैसला 19 नए जिले बनाने को लेकर किया उसमें कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व की भी सहमति थी। हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सात जिलों को बनाने के साथ जिस तरीके से कांग्रेस को चुनौतियों का सामना करना पड़ता उसी से बचने के लिए अशोक गहलोत ने राज्य में 19 जिले बना दिए। चुनौतियों में ना सिर्फ स्थानीय स्तर के नेताओं का विरोध बल्कि जातिगत समीकरणों के आधार पर होने वाला बड़ा बंटवारा भी शामिल था।

राजस्थान सरकार के इस बड़े सियासी दांव पर भारतीय जनता पार्टी ने हमला करते हुए कहा कि राज्य सरकार ने जल्दबाजी में फैसला लिया है। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी की नेता वसुंधरा राजे कहती हैं कि प्रदेश के चिंताजनक राजकोषीय संकेतकों को मुख्यमंत्री जी ने ताक पर रखकर बजट का राजनीतिकरण करने का प्रयास किया है। जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है।

नए जिले बनाए जाने की प्रक्रिया में कई महत्वपूर्ण तथ्यों को नजरंदाज कर दिया गया है। जिसके चलते नए जिले बनने से होने वाली सुगमता के बजाय लोगों को प्रशासनिक जटिलताओं का सामना करना पड़ेगा। राजस्थान भारतीय जनता पार्टी से जुड़े वरिष्ठ नेता कहते हैं कि राजस्थान में इस बार सरकार बदलने का रिवाज कायम रहेगा। उनका तर्क है कि कांग्रेस ने जो फैसले लिए हैं वह जनता के हित की बजाय राजनीतिक महत्वाकांक्षा को पूरा करने जैसे हैं। यही वजह है कि राजस्थान में यहां की जनता इस बार कांग्रेस की सत्ता को बेदखल करेगी।

## राज सुब्रमण्यम के नेतृत्व में फेडएक्स ने किया कमाल : रिपोर्ट

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारतीय मूल के सीईओ राज सुब्रमण्यम के नेतृत्व में फेडएक्स कॉर्प के शेयरों ने तीसरी तिमाही में वॉल स्ट्रीट के आय अनुमान को पछाड़ते हुए नौ महीने में सबसे अधिक छलांग लगाई। कंपनी ने अपने प्रॉफिट आउटलुक को बढ़ावा देने के बाद, लागत में कटौती के प्रयासों को पैकेज वॉल्यूम में गिरावट का मुकाबला करने में मदद की है।

यह कहते हुए कि उसका तीसरी तिमाही का मुनाफा वॉल स्ट्रीट की उम्मीदों से ऊपर है, फेडएक्स ने खुलासा किया कि इस वित्तीय वर्ष में समायोजित आय 14.60 डॉलर से 15.20 डॉलर प्रति शेयर होगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी राज सुब्रमण्यम ने एक बयान में कहा, हमने दक्षता में सुधार के लिए तत्परता से आगे बढ़ना जारी रखा है और हमारी लागत संबंधी कार्रवाई में सुधार हो रहा है।मेम्फिस, टेनेसी स्थित कंपनी के शेयर न्यूयॉर्क में 9.30 बजे 11 प्रतिशत चढ़े और इस साल स्टॉक 18 प्रतिशत चढ़ गया, जो एस एंड पी 500 इंडेक्स की वृद्धि से काफी आगे था।सुब्रमण्यम ने पिछले महीने कहा था कि कंपनी ने जून 2022 से अपने यूएस हेडकाउंट में लगभग 12,000 पदों की कमी की है।

### सुशील मोदी के तेजस्वी यादव से सवाल और सीएम नीतीश को चुनौती, कहा

## डिप्टी सीएम को बर्खास्त या मेरे आरोप खारिज करें

**पटना, एजेंसी।** राज्यसभा सदस्य सुशील मोदी ने उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव पर बड़ा आरोप लगाया है।



रविवार को प्रेस वार्ता कर मोदी ने कहा कि बगैर को कारोबार किए लालू यादव के रेल मंत्री रहते 52 संपत्ति वाली एबी एक्सपोर्ट कंपनी के मालिक तेजस्वी यादव बन गए।

एबी एक्सपोर्ट ने आज तक न तो कोई व्यापार किया और न ही इसका कोई टर्नओवर है, न ही कोई कर्मचारी है। इस कंपनी ने केवल एक काम किया, तेजस्वी के लिए संपत्ति खरीदी।

मोदी ने कहा कि 2010–11 में इस कंपनी के 97 प्रतिशत शेयर तेजस्वी ने मात्र चार लाख में और शेष तीन प्रतिशत शेयर लालू की बेटी चंदा यादव ने सात हजार पूंजी लगाकर खरीद लिए।

इससे पहले शुरू में तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव, चंदा यादव एवं रागिनी लालू इस कंपनी के निदेशक थे। वर्तमान में रागिनी लालू एवं लालू के विश्वस्त बड़हरिया (सिवान) निवासी शरीकल बारी भी इस कंपनी के निदेशक हैं।

सुशील मोदी ने दावा किया कि तेजस्वी यादव ने दिल्ली स्थित न्यू फ्रेंड्स कालोनी में डी–1088 मकान खरीदने के लिए मुंबई के पांच हीरे के व्यवसायियों ने 2007 से 2008 में पांच करोड़ ब्याज मुक्त ऋण एबी एक्सपोर्ट कंपनी को दिया था।

सुशील मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस का दावा करने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भ्रष्टाचार के आरोपित उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को बर्खास्त करना चाहिए।

# अखिलेश होंगे विपक्षी नेताओं को जोड़ने वाले सूत्रधार!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी देश में विपक्षी नेताओं का बड़ा धड़ा तैयार कर रही है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर भी देश के विपक्षी नेताओं का बड़ा धड़ा तैयार कर रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी विपक्षी नेताओं का एक बहुत बड़ा धड़ा तैयार कर चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। अब बड़ा सवाल यही है क्या यह सभी विपक्षी धड़े एक साथ मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि जिस तरीके से समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक कोलकाता में हुई है, उससे अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि सपा मुखिया अखिलेश यादव सभी विपक्षी दलों को एक सूत्र में पिरोने की पूरी कोशिश में लगे हैं। पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन करने के साथ ही अखिलेश यादव ने ममता बनर्जी के साथ बड़ी बॉन्डिंग को लेकर आगे चलने का इशारा साफ कर दिया। सियासी गलियारों में चर्चा हो रही है कि क्या अखिलेश यादव सभी विपक्षी दलों को पिरोने के लिए बड़े सूत्रधार के तौर पर सामने आ रहे हैं।

समाजवादी पार्टी की रणनीति को तय करने के लिए कोलकाता में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई, लेकिन सबसे अहम बात जो सियासी गलियारों में चर्चा का विषय हुई वह यही कि आखिर समाजवादी पार्टी ने कोलकाता को ही क्यों चुना। हालांकि, अखिलेश यादव ने इसका जवाब तो दिया, लेकिन उससे इतर भी कई और पहलुओं को राजनीतिक विश्लेषक अपने नजरिए से ही देख रहे हैं।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में कोलकाता में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के कई सियासी मायने भी है। इसमें सबसे प्रमुख और महत्वपूर्ण बिंदु यही है कि अखिलेश यादव और ममता बनर्जी की राजनैतिक कैमिस्ट्री मजबूत है। चूंकि, 2024 के चुनावों को लेकर विपक्षी दल एक बार फिर से अलग–अलग जगहों से बड़े राजनैतिक गठबंधन को धार दे रहे हैं। राजनैतिक विश्लेषक और वरिष्ठ पत्रकार राहुल बनर्जी कहते हैं कि बीते कुछ समय में बड़े विपक्षी दलों के राजनैतिक आयोजनों में अखिलेश यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

राहुल बनर्जी कहते हैं कि इस वक्त ममता बनर्जी से लेकर केसीआर और नीतीश कुमार से लेकर स्टालिन तक जो भी बड़ा विपक्ष का राजनीतिक दल वलगाई, सबको एकजुट करने की कोशिश कर रहे हैं।उसमें अखिलेश यादव ही एक ऐसे व्यक्ति हैं जो कॉमन लीडर के तौर पर सबके साथ जुड़े हैं। इसके पीछे तर्क देते हुए बनर्जी कहते हैं कि अखिलेश यादव इससे पहले कांग्रेस के साथ गठबंधन कर चुके हैं।



वह स्टालिन के जन्मदिन पर कांग्रेस के बड़े नेताओं के साथ मंच साझा कर चुके हैं। इसके अलावा अखिलेश यादव की बिहार में नितीश कुमार गठबंधन के साथ चल रही आरजेडी के नेताओं के साथ ही अच्छी पकड़ है। पारिवारिक नातेदारी के चलते अखिलेश यादव लालू यादव के बीच रिश्ते भी बेहतर है। केसीआर पहले ही अखिलेश यादव और ममता बनर्जी के साथ मिलकर बड़े गठबंधन की ओर चलने का इशारा कर चुके हैं।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि ममता बनर्जी और कांग्रेस के नेताओं के बीच में आपसी संवाद ना के बराबर होने के चलते इस गठबंधन में कांग्रेस के शामिल करने कि फिलहाल कोई गुंजाइश नजर नहीं आ रही है। चूंकि नीतीश कुमार पहले ही बगैर कांग्रेस के किसी बड़े गठबंधन की बात स्वीकार कर चुके हैं। ऐसे में वाया अखिलेश यादव, लालू और नीतीश को राजनीतिक गठबंधन के लिए साथ जोड़ने की गुंजाइश भी नजर आ रही है।

ऐसे तमाम कयासों के बीच में अखिलेश यादव ने खुद इस बात को स्वीकार किया कि अभी देश में कई तरह के गठबंधन को लेकर चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर एक गठबंधन की कवायद कर रहे हैं।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी एक गठबंधन की तैयारी कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव कहते हैं कि यह सभी राजनीतिक दल क्षेत्रीय पार्टियां हैं। कांग्रेश राष्ट्रीय पार्टी है इसलिए उनकी भूमिका तो तय होनी ही चाहिए। सियासी जानकारों का मानना है कि अखिलेश यादव आने वाले दिनों में एक बड़े गठबंधन के बड़े सूत्रधार के तौर पर भूमिका निभा सकते हैं। हालाकी अभी भी सभी विपक्ष के राजनीतिक दलों को एक साथ जोड़ना बड़ी चुनौती है।

## बांग्लादेश में भीषण हादसा, खाई में गिरी बस; 17 लोगों की मौत

**ढाका , एजेंसी।** बांग्लादेश में मदारीपुर के शिबचार उपजिला के कुतुबपुर इलाके में रविवार सुबह एक बस के खाई में गिर जाने से 17 लोगों की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गये। मृतकों की शिनाख्त तत्काल नहीं हो सकी है।

पुलिस ने बताया कि ढाका जा रही एमाद परिभान बस भंगा–ढाका एक्सप्रेसवे की रेलिंग तोड़कर नियंत्रण खो बैठी और खाई में गिर गई, जिससे 16 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। घायलों को शिबचर और ढाका के विभिन्न अस्पतालों में भेजा गया है। शिबचर हाईवे पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी अबू नईम मोफज्जल हक ने कहा कि दुर्घटना में 17 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। बचाव कार्य जारी है।

## जोधपुर में गैंगवार : आधा दर्जन लोगों ने चाकू–कुल्हाड़ी से किए वार

**जोधपुर ,(एजेंसी)।** सनसिटी जोधपुर एक बार फिर एक नृशंस हत्या से कांप उठी। जोधपुर में बीती रात गैंगवार एक हिस्ट्रीशीटर की दर्जनभर बदमाशों ने सड़क पर कुल्हाड़ी और लाठी–डंडों से पीट–पीटकर हत्या कर दी। यह घटना पुलिस कमिश्नरेट वेस्ट राजीव गांधी पुलिस थाना क्षेत्र की है। करीब एक दर्जन बदमाशों ने घात लगाकर हिस्ट्रीशीटर रमेश उर्फ महाकाल पर जानलेवा हमला बोल दिया। इस हमले में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद सभी हमलावर मौके से फरार हो गए। एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में सात–आठ लोगों को एक युवक को दौड़ाते हुए देखा गया। मामला राजीव गांधी नगर थाने के न्यू बॉम्बे योजना कॉलोनी का है।सहायक पुलिस आयुक्त प्रतापनगर प्रेम धणदे ने बताया कि न्यू बोम्बे योजना कॉलोनी निवासी हिस्ट्रीशीटर रमेश उर्फ महाकाल की सात–आठ लोगों ने रंजिश के चलते चाकू–कुलहाड़ी जैसे धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी। सीसीटीवी फुटेज के आधा पर हत्यारों की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# वादा था जापान में मिलेंगी 50,000 नौकरियां, अब तक मिली सिर्फ 120

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ष 2017 में भारत और जापान के बीच टेक्निकल इंटर्न ट्रेनिंग प्रोग्राम समझौता हुआ था जिसे दोनों देशों की सरकारों की तरफ से ऐतिहासिक बताया गया था।

दोनों देशों की सरकारों की तरफ से दावा था कि यह जापान में श्रमिकों की किल्लत और भारत में रोजगार योग्य प्रशिक्षित युवाओं के बीच सामंजस्य का बेहतरीन अंतरराष्ट्रीय नमूना है। पांच वर्ष बीत जाने के बाद इस प्रोग्राम की प्रगति बहुत ही धीमी है।

जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और पीएम नरेन्द्र मोदी के बीच सोमवार को होने वाली द्विपक्षीय बैठक में यह मुद्दा उठेगा और बहुत संभव है कि इस समझौते पर अमल की रफ्तार को तेज किया जाए। सूत्रों ने बताया है कि कोविड भी एक कारण रहा है कि जिसकी वजह से टीआईटीपी को लेकर वैसी प्रगति नहीं हो सकी जैसी कि उम्मीद थी।

जब समझौता किया गया था कि तब भारत सरकार के तत्कालीन कौशल विकास मंत्री ने कहा था कि पांच वर्षों में तीन लाख भारतीय युवाओं को जापान की जरूरत के हिसाब से प्रशिक्षित किया जाएगा और उनमें



### मोदी–किशिदा वार्ता में उठेगा मुद्दा

से 50 हजार को वहां स्थाई तौर पर नौकरी भी मिलेगी, लेकिन अब विदेश मंत्रालय के पास जो डाटा है उसके हिसाब से सिर्फ 606 युवाओं को प्रशिक्षण मिल पाया है और इसमें से 120 को नौकरी, जबकि जापान में इस तरह के प्रशिक्षित युवाओं की मांग कोविड की वजह से बढ़ गई है।एक कारण यह भी बताया जा रहा है कि जापानी भाषा सीखने की जरूरत की वजह से बहुत सारे युवा इसकी योग्यता को पूरा नहीं कर पा रहे। वैसे दोनों देशों के संबंधित विभागों के बीच इन बाधाओं को दूर करने के लिए कुछ नये कार्यक्रम बनाए गए हैं। मोदी और किशिदा के बीच होने वाली वार्ता में यह मुद्दा उठाया जाएगा।

किशिदा सोमवार सुबह नई दिल्ली पहुंचेंगे और तकरीबन 26 घंटे वो यहां प्रवास करेंगे। इस दौरान वो पीएम मोदी के साथ व्यक्तिगत और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता भी करेंगे। यह इस वर्ष दोनों नेताओं के बीच पहली व्यक्तिगत मुलाकात होगी, लेकिन आने वाले महीनों में इनके बीच कई बार वार्ता होने की संभावना है।

मई, 2023 में पीएम मोदी के भी जापान जाने की संभावना है जहां वह जी–7 देशों की बैठक में हिस्सा लेंगे। इसके तुरंत बाद ऑस्ट्रेलिया में क्वाड देशों (अमेरिका, जापान, भारत व ऑस्ट्रेलिया का संगठन) की भी बैठक है। उसके बाद सितंबर, 2023 में पीएम किशिदा जी–20 बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत आने वाले हैं।

मोदी और किशिदा की बैठक में पिछले वर्ष से लागू भारत जापान औद्योगिक प्रतिस्पर्धा साझेदारी की भी समीक्षा की जाएगी।




## कांग्रेस के बिना विपक्षी मोर्चा संभव नहीं, फिलहाल फोकस विधानसभा चुनावों पर: जयराम रमेश

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने विपक्षी मोर्चे को लेकर तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के रुख के बीच बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का मुकाबला करने के लिए कोई भी विपक्षी मोर्चा कांग्रेस के बिना संभव नहीं है। अगर 2024 के आम चुनाव के लिए गठबंधन बनता है, तो इसमें कांग्रेस पार्टी की केंद्रीय भूमिका होगी। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अभी इस सब के बारे में बात करना जल्दबाजी होगी, क्योंकि कांग्रेस की पहली प्राथमिकता कर्नाटक में आगामी चुनाव और इस साल अन्य राज्यों के चुनाव हैं।जयराम रमेश की टिप्पणी पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी (सपा) दोनों के बयानों के बाद आई, जिसमें संकेत दिए गए थे कि 2024 लोकसभा चुनाव में दोनों दल कांग्रेस और भाजपा से दूर रहेंगे और अन्य क्षेत्रीय दलों को साथ लाने का काम करेंगे।

**सम्पादकीय**

# सरकारी शिक्षा का बुरा हाल

उत्तराखंड में उन्नत किस्म की सरकारी शिक्षा उपलब्ध कराने के सरकार के दावे अब पूरी तरह से मिट्टी में मिलते हुए नजर आ रहे हैं। बेसिक से लेकर उच्चतर शिक्षा में सरकारी व्यवस्था बदहाली के दौर से गुजर रही है। कई स्कूलों में स्थिति ऐसी है जहां ताले लगने की नौबत आ चुकी है तो स्कूलों को चलाने के लिए नए प्रवेश एक बड़ी चुनौती बन गए हैं। अब एक और समस्या ऐसे विद्यालयों को लेकर आ गई है जहां मात्र एक शिक्षक स्कूलों को चला रहा है। वह भी उन परिस्थितियों में जब इन शिक्षकों को भी उनकी मूल तैनाती के स्कूलों से स्थानांतरित कर ऐसे विद्यालयों में अटैच किया गया है। कल्पना की जा सकती है कि एक तरफ जहां शिक्षकों की भरमार है तो वही ऐसे भी स्कूल है जहां शिक्षकों के अभाव में स्कूल बंद होने की कगार पर है। जिन स्कूलों में दूसरे स्कूलों के अध्यापकों को अटैच किया गया था उनका कार्यकाल पूरा होने के बाद अभिया भविष्य की पढ़ाई खतरे में पढ़ती हुई नजर आ रही है वह भी ऐसे समय में जब बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। राज्य सरकार सरकारी शिक्षा की व्यवस्था को सुधारने के दावे तो कर रही है लेकिन बिना छात्रों के आखिर स्कूल चलेंगे कैसे? आज उत्तराखंड के हजारों स्कूल एकल शिक्षकों के जिम में पर छोड़े हुए हैं जिनमें किस स्तर की पढ़ाई होती होगी इसकी कल्पना की जा सकती है। आंकड़ों के अनुसार राज्य में 2,633 प्राथमिक और 1,300 जूनियर हाईस्कूल एकल शिक्षक चला रहे हैं और इनमें से भी अधिकांश अपनी मूल तैनाती पर जाने के लिए हाथ पैर मार रहे हैं। साफ है कि अपने मूल विद्यालय में जाने के बाद उन विद्यालयों में निश्चित तौर पर ताले लगेंगे यहां इन शिक्षकों को वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर तैनात किया गया था। सरकारी शिक्षा की बदहाली से उत्तराखंड कभी आजाद हुआ ही नहीं और यहां छात्रों की संख्याका विकास भले ही ना हुआ हो लेकिन सरकारी शिक्षक बनने के लिए भारी मशक्कत दिखाई देती रही है। शिक्षकों को अच्छा खासा वेतन राज्य सरकार दे रही है लेकिन इसके बावजूद भी शिक्षा का स्तर सुधरा हो ऐसा इन 22 वर्षों में कभी भी नजर नहीं आया। सरकारी शिक्षा केवल और केवल अध्यापकों के जीविकोपार्जन तक ही सीमित रह गई है यहां छात्रों का हित और भविष्य अंधकार में ही नजर आता है। सबसे बुरी स्थिति प्राइमरी पाठशाला की है या अभिभावक अपने बच्चों को भेजने के लिए तैयार नहीं है। सरकार मुफ्त पुस्तकों से लेकर वर्दी तक देने की योजनाएं बना रही हैं लेकिन आखिर क्या कारण है कि उसके बावजूद भी लोग अपने बच्चों को इन सरकारी विद्यालयों में भेजने को तैयार नहीं है। इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी किया तो स्कूल बंद होने की कगार पर है या कम छात्र वाले स्कूलों में मास्टर को भेजना है एक बड़ा सिरदर्द बन गया है। कुर्बान परिस्थितियां ऐसी है जिनमें दूर–दूर तक सरकारी शिक्षा के अच्छे दिन आते हुए नजर नहीं आ रहे हैं।

# मुद्दा : विनाश की नींव पर विकास अनुचित

**प्रकृति ने मानव को धरती मां की गोद के रूप में संसाधनों का एक अतुलनीय एवं असीमित भंडार प्रदान किया। किंतु मानव ने उन्हीं संसाधनों का अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए अनियंत्रित दोहन शुरू कर दिया। उदाहरण के तौर पर, आज कृषि योग्य भूमि को आवासीय भूमि में तब्दील करके कॉलोनी का निर्माण करने का फैशन बहुत जोरों पर है। दोमंजिला मकानों, उद्यान, शॉपिंग कांपलेक्स आदि छद्म सुंदरताओं से युक्त कॉलोनी वस्तुतः कृषि भूमि के विनाश की नींव पर ही खड़ी होती है। आज मानव की प्रवृत्ति एक से अधिक आवास बनाने की है क्योंकि कहीं न कहीं उसकी मानसिकता व्यवसायोन्मुखी हो चुकी है। सड़क मार्गों का चौड़ीकरण हो रहा है जिसके लिए सड़क के किनारे लगे वृक्षों को बिना विचारे काटा जा रहा है। निश्चित रूप से एक बेहतरीन चौड़ा सड़क मार्ग तैयार तो होगा, किंतु यदि यह विकास है तो हमें इतना निश्चित रूप से ध्यान रखना चाहिए कि यह विकास कटे हुए वृक्षों की चीत्कार की नींव पर आधारित होगा। शहरीकरण की अंधी होड़ जंगलों, खेतों और खलिहानों को समाप्त कर रही है।**

**शिशिर शुक्ला**





यूं तो सृजन और विध्वंस प्रकृति की अनवरत चलने वाली प्रक्रियाएं हैं, और सत्य तो यह है कि ये दोनों ही एक दूसरे के पूरक हैं।

बिना सृजन के विध्वंस का कोई अर्थ नहीं एवं विध्वंस के बगैर नवीन सृजन की कल्पना करना भी असंभव है। पृथ्वी पर मानव सभ्यता ने शनैः शनैः विकास के शिखरों को स्पर्श करना आरंभ किया। पुरापाषाण काल में पत्थरों को रगड़कर आग के आविष्कार एवं नवपाषाण काल में स्थाई निवास की प्रवृत्ति से लेकर वर्तमान में पृथ्वी से बाहर अंतरिक्ष में अपने कदम रखने के अनवरत प्रयासों तक, यदि समय के साथ मानव विकास के ग्राफ का अवलोकन किया जाए तो निष्कर्ष यह निकलता है कि मानव ने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगति की है।

वृक्षों एवं कंदराओं से लेकर बहुमंजिला इमारतों तक, फल, फूल, पत्ती से लेकर स्वादिष्ट व्यंजनों तक, अशिक्षा से लेकर उच्च स्तरीय तकनीकी तक, पदयात्रा से लेकर वायुयान के सफर तक, जीवन के किसी भी क्षेत्र को देखा जाए तो प्रत्येक में विकास एवं प्रगति के द्वारा जमीन से आसमान तक का सफर दृष्टिगोचर होता है। वर्तमान परिदृश्य की बात की जाए, तो विज्ञान एवं तकनीकी की मदद से मानव निरंतर आगे बढ़ रहा है। किंतु एक विचारणीय एवं चिंतनीय प्रश्न यह उठता है कि विकास की इस द्रुतगति की नींव आखिर कैसी है।

मानव सभ्यता के शुरु आती चरणों में विकास को आवश्यकता के द्वारा गति प्रदान की गई। आग, भोजन आवास इत्यादि मानव की आवश्यकताएं थीं, लिहाजा यदि इनकी दिशा में हुई प्रगति को विकास की संज्ञा दी जाए तो वह विकास जरूरतों पर आधारित था। किंतु वर्तमान का परिदृश्य बिल्कुल अलग है। कटु सत्य यह है कि जिन उपलब्धियों को हम विकास की श्रेणी में रखते हैं, उनके पीछे आवश्यकता के स्थान पर स्वार्थ, लोभ, प्रतिद्वंद्विता, दिखावटीपन एवं अनावश्यक शौक जैसे कारक उत्तरदायी हैं।

नतीजा यह है कि आधुनिक विकास कहीं न कहीं विनाश की नींव पर खड़ा है। प्रकृति ने मानव को धरती मां की गोद के रूप में संसाधनों का एक अतुलनीय एवं असीमित भंडार प्रदान किया। किंतु मानव ने उन्हीं संसाधनों का अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए अनियंत्रित दोहन शुरू कर दिया। उदाहरण के तौर पर, आज कृषि योग्य भूमि को आवासीय भूमि में तब्दील करके कॉलोनी का निर्माण करने का फैशन बहुत जोरों पर है। दोमंजिला मकानों, उद्यान, शॉपिंग कांपलेक्स आदि छद्म सुंदरताओं से युक्त कॉलोनी वस्तुतः कृषि भूमि के विनाश की नींव पर ही खड़ी होती है। आज मानव की प्रवृत्ति एक से अधिक आवास बनाने की है क्योंकि कहीं न कहीं उसकी मानसिकता व्यवसायोन्मुखी हो चुकी है।

सड़क मार्गों का चौड़ीकरण हो रहा है जिसके लिए सड़क के किनारे लगे वृक्षों को बिना विचारे काटा जा रहा है। निश्चित रूप से एक बेहतरीन चौड़ा सड़क मार्ग तैयार तो होगा, किंतु यदि यह विकास है तो हमें इतना निश्चित रूप से ध्यान रखना चाहिए कि यह विकास कटे हुए वृक्षों की चीत्कार की नींव पर आधारित होगा। शहरीकरण की अंधी होड़ जंगलों, खेतों और खलिहानों को समाप्त कर रही है। प्राकृतिक संसाधनों के साथ खिलवाड़ करने में मानव सीमा को लांघ चुका है। औद्योगीकरण और शहरीकरण की दौड़ के चलते भूजल के अतिदोहन के कारण जल संकट की भीषण समस्या मुंह खोलकर सामने खड़ी है। कारखानों से निकलने वाली विषैली गैसें और धुंआ वायु को किस हद तक प्रदूषित कर रहा है, इसका अंदाजा तक लगा पाना मुश्किल है। खास बात यह है कि उसी दूषित हवा में लाखों की आबादी सांस लेने को विवश है। हम बड़े शहर की किसी कॉलोनी में अपना आवास बनाने को ही विकास समझने की झूठी खुशी में पागल हो चुके हैं।

प्रकृति को चोट पहुंचाकर एवं बहुमूल्य संसाधनों का विनाश करके झूठी शानशौकत व दिखावटीपन को विकास समझना मानव की सबसे बड़ी भूल है।

इतना तय है कि जब प्रकृति बदला लेगी तो उसमें कहीं पर भी क्षमा याचना की गुंजाइश नहीं होगी। हाल ही में जोशीमठ में आई भीषण आपदा से हम सब भलीभांति परिचित हैं। यदा–कदा भूकंप, बादल फटना, भूमि का धंसाव, भूस्खलन इत्यादि सभी प्रकृति के द्वारा मानव को दी गई चेतावनियां हैं। हमें चाहिए कि हम अंधी दौड़ को बंद करके आवश्यकता की नींव पर ही विकास की इमारत को खड़ा करें। यदि हमारे लिए एक मकान पर्याप्त है तो दिखावटीपन के वशीभूत होकर हम चार मकान खरीदने की कोशिश कदापि न करें। जो भूमि हमें अन्न देती है और हमारा पेट भरती है, जो जंगल एवं पेड़ पौधे हमारे लिए अगणित प्रकार से उपयोगी हैं, उनका नाश करके हम विकास करने का प्रयास कदापि न करें। यदि हम समय रहते सचेत न हुए, तो एक समय ऐसा आएगा जब हमें केवल ऊपर का विकास दिखाई देगा किंतु उसके भीतर विनाशजनित आपदाओं का एक ज्वालामुखी सुषुप्त अवस्था में होगा जो निसंदेह कभी भी फट पड़ेगा।

# डीकेएस बनाम देवगौड़ा

**सोचें, कर्नाटक में कांग्रेस का सिर्फ एक लोकसभा सांसद हैं और वो हैं डीके सुरेश। उनको एचडी देवगौड़ा के पोते के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ाने की डीके शिवकुमार की तैयारी क्या इशारा करती है! यह वोक्कालिगा वोट कांग्रेस की ओर लाने का आक्रमक दांव है लेकिन इससे सिद्धरमैया समर्थक ओबीसी वोट बिदक भी सकता है, जो संख्या में ज्यादा है। कर्नाटक में कांग्रेस चुनाव पूर्व घोषणाओं में सबको मात देती लग रही है। कांग्रेस ने मुफ्त की रेवड़ियों का पिटारा खोला है। उसकी घोषणाओं से आम आदमी पार्टी के नेता भी हैरान परेशान हैं। भाजपा तो बैकफुट पर है ही।**

कर्नाटक में अगले कुछ दिन में विधानसभा चुनाव की घोषणा होने वाली है। उससे पहले कांग्रेस नेताओं का एक समूह एचडी देवगौड़ा परिवार की पार्टी जेडीएस के साथ तालमेल की कोशिश में लगी है। लेकिन कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार कांग्रेस को जेडीएस से दूर ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। जेडीएस में भी कुछ ऐसी ही सोच है।

उधर भी देवगौड़ा परिवार अपना विकल्प खोल कर रखना चाह रहा है। उसके लग रहा है कि इस बार कांग्रेस की स्थिति बेहतर हुई तो फिर त्रिशंकु विधानससभा बनेगी, जिसमें वह कांग्रेस और भाजपा दोनों से मोलभाव कर सकती है। ध्यान रहे देवगौड़ा परिवार और शिवकुमार परिवार में पुराना झगड़ा है। दोनों वोक्कालिगा समुदाय से आते हैं और दोनों का क्लेम इस समुदाय के वोट पर है।

जेडीएस से तालमेल का विरोध करके शिवकुमार यह साबित करना चाहते हैं कि उनकी वजह से वोक्कालिगा कांग्रेस को वोट करेगा और इस लिहाज से मुख्यमंत्री के दावेदार होंगे। अपनी दावेदारी मजबूत करने के लिए वे देवगौड़ा परिवार से सीधी टक्कर करना चाहते हैं। उन्होंने कहा है कि वे अपने सांसद भाई डीके सुरेश को विधानसभा चुनाव लड़ाएंगे। शिवकुमार ने इसके लिए रामनगर विधानसभा सीट की पहचान की है, जहां से एचडी कुमारस्वामी के बेटे निखिल ने चुनाव जीता है।

सोचें, कर्नाटक में कांग्रेस का सिर्फ एक लोकसभा सांसद हैं और वो हैं डीके सुरेश। उनको एचडी देवगौड़ा के पोते के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ाने की डीके शिवकुमार की तैयारी क्या इशारा करती है! यह वोक्कालिगा वोट कांग्रेस की ओर लाने का आक्रमक दांव है लेकिन इससे सिद्धरमैया समर्थक ओबीसी वोट बिदक भी सकता है, जो संख्या में ज्यादा है।

कर्नाटक में कांग्रेस चुनाव पूर्व घोषणाओं में सबको मात देती लग रही है। कांग्रेस ने मुफ्त की रेवड़ियों का पिटारा खोला है। उसकी घोषणाओं से आम आदमी पार्टी के नेता भी हैरान परेशान हैं। भाजपा तो बैकफुट पर है ही। चुनाव की घोषणा से पहले कांग्रेस नेता हर दूसरे या तीसरे दिन कोई नई घोषणा कर रहे हैं। इतना ही नहीं कांग्रेस ने ऐलान किया है कि वह गारंटी पत्र देगी। पार्टी की ओर से दस्तखत किया गया एक गारंटी पत्र सभी नागरिकों को दिया जाएगा, जिसमें लिखा होगा कि कांग्रेस अपना वादा पूरा करेगी। आम नागरिकों को यकीन दिलाने के लिए कांग्रेस गारंटी पत्र दे रही है।

कांग्रेस ने मुफ्त की रेवड़ियों की घोषणा में सबको पीछे छोड़ दिया है। पार्टी ने सभी वयस्क महिलाओं को दो हजार रुपया महीना देने का ऐलान किया है। सोचें, अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में हर महिला को एक हजार रुपया देने का ऐलान किया था।

उसके बाद मध्य प्रदेश में कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने हर महिला को डेढ़ हजार रुपया देने का ऐलान किया। अब कर्नाटक में कांग्रेस ने दो हजार रुपए का ऐलान किया है। इसके अलावा कांग्रेस अन्न भाग्य योजना के तहत हर गरीब परिवार को हर महीने 10 किलो अनाज देगी। ध्यान रहे पिछले तीन साल से केंद्र सरकार भी 10 किलो अनाज दे रही थी लेकिन अब वह पांच किलो ही अनाज दे रही है।

कांग्रेस ने चुनाव जीतने के बाद राज्य के लोगों को शिरडी और तिरूपति की मुफ्त यात्रा का भी ऐलान किया है। इसके अलावा दो सौ यूनिट फ्री बिजली देने का वादा भी किया गया है। कांग्रेस ने प्रेशर कुकर, बरतन और एलआईसी का प्रीमियम भरने तक का वादा किया है।

# अब विश्व मंच पर

जिस चीज के लिए बॉलीवुड तरसता रहा है, वह विश्व मंच पर गुणवत्ता के लिहाज से सराहना और सम्मान है। संभवतः इनके लिए इसे अभी और इंतजार करना होगा। इस बीच दक्षिण में बन रही उच्च तकनीक कौशल की फिल्मों ने इस मोर्चे पर झंडा गाडऩा शुरू कर दिया है।

भारत का बॉलीवुड दशकों से दुनिया में मशहूर है। मनोरंजक फिल्में बनाने के साथ–साथ बड़ा कारोबार करने के लिए भी यहां की फिल्मों ने काफी पहले अपनी पहचान बना ली थी। पाकिस्तान–अफगानिस्तान से लेकर पश्चिम एशिया और अफ्रीका तक में बॉलीवुड की फिल्मों का बड़ा बाजार रहा है। लेकिन जिस एक चीज के लिए बॉलीवुड तरसता रहा है, वह विश्व मंच पर गुणवत्ता के लिहाज से सराहना और सम्मान है। संभवतः इनके लिए इसे अभी और इंतजार करना होगा। इस बीच दक्षिण में बन रही उच्च तकनीक कौशल की फिल्मों ने इस मोर्चे पर झंडा गाडऩा शुरू कर दिया है। इसके संकेत इस वर्ष गोल्डन ग्लोब अवाड्र्स के समय ही मिल गए थे, जब आरआरआर फिल्म क गाने नाटू–नाटू को बेस्ट सॉन्ग का अवार्ड मिला था। अब इस गाने ने यही उपलब्धि ऑस्कर में भी दोहरा दी है। दरअसल 95वें ऑस्कर में एक साथ दो अलग–अलग भारतीय फिल्मों ने बाजी मारी है। तेलुगु फिल्म आरआरआर के साथ–साथ डॉक्यूमेंट्री द एलिफैंट व्हिस्परर्स ने वहां पुरस्कार जीते हैं। आरआरआर के गीत नाटू नाटू को बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग और द एलिफैंट व्हिस्परर्स को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शार्ट फिल्म के पुरस्कार से नवाजा गया।ऑस्कर पुरस्कारों के 94 साल के इतिहास में भारत को चौथी बार ऑस्कर हासिल हुआ है। इससे पहले 1983 में गांधी फिल्म के लिए भानु अथैया को बेस्ट कॉस्ट्यूम अवॉर्ड, 1992 में सत्यजीत रे को लाइफटाइम अचीवमेंट और फिर 2009 में स्लमडॉग मिलियनेयर को तीन अलग अलग श्रेणियों में ऑस्कर मिला मिला था। स्लमडॉग मिलियनेयर के गीत जय हो को इसी श्रेणी में ऑस्कर मिला था। गाने को गुलजार ने लिखा था और एआर रहमान ने उसका संगीत दिया था। इस बीच द एलिफैंट व्हिस्परर्स को मिले सम्मान से एक खास समस्या की तरफ ध्यान खींचने में भी मदद मिलेगी। हाथियों के संरक्षण के विषय पर बनी यह एक महत्वपूर्ण फिल्म है। यह तमिलनाडु के मुदुमलई राष्ट्रीय उद्यान में घायल हाथियों को बचा कर लाने और उनके संरक्षण की कहानी है। तो यह हर्ष की बात है कि भारतीय सिनेमा को वह सम्मान मिलने लगा है, जिसका लंबे समय से इंतजार था।

# अमरीका में अगला राष्ट्रपति कौन?

**अमेरिका के राष्ट्रपति कौन है**

**अजय दीक्षित**

अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी की भारतवंशी नेता निक्की हेली ने सन् 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में अपनी दावेदारी के लिए औपचारिक रूप से अभियान की शुरुआत कर दी है। इसके साथ ही, उन्होंने एक समय अपने नेता रहे और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मुकाबले खुद को एक युवा और नये विकल्प के रूप में पेश किया है। वर्तमान में कमला हैरिस अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैं । अमेरिकी राष्ट्रपति जो वाइडन ने अभी यह साफ नहीं किया है कि वह दोबारा राष्ट्रपति चुनाव लड़ेंगे या नहीं इसलिए माना जा सकता है कि कमला हैरिस भी राष्ट्रपति चुनाव में उतर सकती हैं। ऐसे में यदि कमला हैरिस और निक्की हेली के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए मुकाबला होता है तो वह बड़ा रोचक होगा क्योंकि दोनों ही भारतीय मूल की अमेरिकी हैं। जहां तक निक्की हेली की बात है तो आपको बता दें कि 51 वर्षीय यह अमेरिकी राजनीतिज्ञ दक्षिण कैरोलिना की दो बार गवर्नर रही हैं और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत रह चुकी हैं। उन्होंने इस सप्ताह दक्षिण कैरोलिना में एक कार्यक्रम के दौरान अपने उत्साहित समर्थकों को संबोधित करते हुए घोषणा की कि एक मजबूत अमेरिका के लिए, एक गौरवशाली अमेरिका के लिए, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल हो गई हूं। उन्होंने कहा, जब अमेरिका उतार–चढ़ाव से गुजरता है, तो दुनिया कम सुरक्षित हो। जाती है और आज, हमारे दुश्मन सोचते हैं कि अमेरिका का युग बीत चुका है। लेकिन वे गलत हैं। निक्की हेली ने कहा, अगर हम 20वीं सदी के राजनेताओं पर भरोसा करते रहे तो हम 21वीं सदी की लड़ाई । नहीं जीत पाएंगे। उन्होंने कहा कि मैं अप्रवासियों की बेटी के रूप में, एक लड़ाकू योद्धा की गौरवमयी पत्नी के रूप में और दो अद्भुत बच्चों की मां के रूप में आपके सामने खड़ी हूं। निक्की हेली ने कहा है कि अमेरिकियों को देश में नयी पीढ़ी के नेता की जरूरत है ।

हेली और ट्रंप, दोनों रिपब्लिकन पार्टी से हैं। राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया में शामिल होने से पहले निक्की हेली को रिपब्लिकन पार्टी की 'प्रेसीडेंशियल प्राइमरी' में जीत हासिल करनी होगी, जो अगले साल जनवरी में होने का कार्यक्रम है। हम आपको यह भी बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव पांच नवम्बर, 2024 को होना है। जहां तक निक्की हेली के परिचय की बात है तो आपको बता दें कि निक्की उर्फ निमरत निक्की रंधावा का जन्म प्रवासी पंजाबी सिख परिवार में हुआ था। निक्की हेली का जन्म सिख माता–पिता अजीत सिंह रंधावा और राज कौर रंधावा के यहां हुआ था, जो 1960 के दशक में पंजाब से कनाडा गए और फिर अमेरिका आकर बस गए थे। निक्की हेली एक सिख महिला के तौर पर बड़ी हुई, लेकिन 1996 में माइकल हेली से शादी के बाद उन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया। अमेरिका में अपने जीवन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, मेरे माता–पिता ने बेहतर जीवन की तलाश में भारत छोड़ा। वे यहां वामबर्ग, साउथ कैरोलिना में बसे, जिसकी आबादी 2,500 थी। हमारा छोटा शहर हमसे प्यार करने लगा, लेकिन यह हमेशा आसान नहीं था। हमारा परिवार एकमात्र भारतीय परिवार था। कोई नहीं जानता था कि हम कौन थे, हम क्या थे, या हम यहां क्यों आए थे। उन्होंने कहा, लेकिन मेरे माता–पिता जानते थे। और हर दिन, उन्होंने मुझे, मेरे भाइयों और मेरी बहन को याद दिलाया कि हमारे सबसे बुरे दिन में भी, हम अमेरिका में रहने के लिए धन्य हैं । वे सन् 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपनी उम्मीदवारी की औपचारिक घोषणा करने के बाद सार्वजनिक भाषण में चीन को कड़ी चेतावनी दी और अपने दुश्मनों के खिलाफ खड़े रहेंगे। सोवियत संघ की तरह, साम्यवादी चीन इतिहास के राख के ढेर में मिल जायेगा। निक्की हेली ने कहा, चीन के तानाशाह दुनिया को कम्युनिस्ट अत्याचार में झोंकना चाहते हैं। और हम ही उन्हें रोक सकते हैं। मैं साफतौर पर कहना चाहूंगी। अगर हम 20वीं सदी के नेताओं पर भरोसा करते रहेंगे तो हम 21वीं सदी की लड़ाई नहीं जीत पायेंगे। उन्होंने कहा, अमेरिका असमंजस, विभाजन और आत्म–विनाश के रास्ते पर है । निक्की हैली जनवरी 2011 में 39 साल की उम्र में जब उन्होंने गर्वनर का पदभार ग्रहण किया, तब वह इस पद पर आसीन होने वाली अमेरिका की सबसे कम उम्र की गवर्नर थीं। उन्होंने दक्षिण कैरोलिना की पहली महिला गवर्नर बनकर इतिहास रचा था ।

# धीमे जहर के समान हैं प्लास्टिक बोतल का पानी, जानें इससे होने वाले नुकसान

हमारे दैनिक जीवन में हमारे आस–पास प्लास्टिक की भरमार है। प्लास्टिक ने हमारी जिंदगी पर इतना असर डाला है कि आज की दुनिया प्लास्टिक के बगैर सोची भी नहीं जा सकती। नहाने से लेकर खानपान की चीजों में भी प्लास्टिक से बने सामानों का इस्तेमाल धड़ल्ले से किया जा रहा हैं। गर्मियों के दिन आ गए हैं तो ठंडे पानी के लिए अब आपको फ्रिज में प्लास्टिक बोतलें खूब देखने को मिलेगी। लेकिन क्या आप जानते हैं कि प्लास्टिक बोतल का पानी धीमे जहर के समान होता हैं जो शरीर को कई तरह के नुकसान पहुंचाता हैं। प्लास्टिक का इस्तेमाल न सिर्फ पर्यावरण के लिए नुकसानदेह है बल्कि हमारे शरीर के लिए बेहद घातक है। आज हम आपको प्लास्टिक की बोतल से पानी पीने के कुछ हानिकारक प्रभावों के बारे में बता रहे हैं। आइये जानते हैं इनके बारे में...

**कैंसर का खतरा**

प्लास्टिक की बोतल में पानी पीने से इसमें मौजूद खतरनाक केमिकल्स हमारे शरीर में प्रवेश करते हैं, जो हमें कई तरह से नुकसान पहुंचा सकते हैं। प्लास्टिक में मौजूद हानिकारक केमिकल्स जैसे सीसा, कैडमियम और पारा के शरीर में जाने में कैंसर, विकलांगता जैसी गंभीर समस्याओं की संभावना काफी बढ़ जाती है।

**बीपीए जेनरेशन**

प्लास्टिक की बोतल में पानी का सेवन महिलाओं के लिए बिल्कुल भी उचित नहीं माना गया है। बाइफिनाइल ए एक एस्ट्रोजन–एक रसायन है जो लड़कियों में मधुमेह, मोटापा, प्रजनन समस्याओं, व्यवहार संबंधी समस्याओं और शुरुआती यौवन जैसी कई स्वास्थ्य समस्याओं को जन्म दे सकता है। प्लास्टिक की बोतल से पानी को स्टोर और पीना बेहतर नहीं है।

**हाइपोथायरायडिज्म का कारण**

बीपीए यानी कि बिस्फेनॉल थायराइड हामीन रिसेप्टर की मात्रा कम करता है। जिससे हाइपोथायरायडिज्म जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है। प्लास्टिक अन्य तरह से भी हमारे शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। एक शोध के अनुसार प्लास्टिक की बोतल में ईडीसी, यानी की एंडोक्राइन डिस्सेंटिंग केमिकल जैसा बहुत ही खतरनाक और नुकसान देय रसायन पाया जाता है। जो कि इंसानी हामीनल सिस्टम को धीरे धीरे परंतु सीधे तरीके से नुकसान पहुंचाता है।

**पुरुषों की प्रजन्न क्षमता होती है प्रभावित**

माइक्रो प्लास्टिक के प्रभाव से प्रजनन क्षमता खत्म हो सकती है और लिवर भी खराब हो सकता है। प्लास्टिक, पॉलिमर से बना हुआ है जो कार्बन, हाइड्रोजन, ऑक्सीजन और क्लोराइड से बना होता है। इसमें सबसे खतरनाक चीज बीपीए है। जब बोतल में बहुत देर तक पानी रहता है या बोतल गर्म होती है बीपीए का असर बहुत ज्यादा हो जाता है।

**डाइऑक्सिन का उत्पादन**

अक्सर लोग प्लास्टिक की बोतल में पानी लेकर निकल पड़ते हैं। लेकिन जब यह सूर्य के सीधे संपर्क में आकर गर्म होती हैं, तो इस तरह के हीटिंग से डाइऑक्सिन नामक टॉक्सिन निकलता है जिसका सेवन करने पर स्तन कैंसर में तेजी आ सकती है।

# किकबॉक्सिंग के ये फायदे कर देंगे आपको भी हैरान, करें अपनी दिनचर्या में शामिल

स्वस्थ शरीर के लिए आपको अपनी दिनचर्या में हेल्दी आदतें विकसित करने की जरूरत होती हैं। इसके लिए लोग लाइफस्टाइल में कई तरह के व्यायाम शामिल करते हैं। लेकिन आज इस कड़ी में हम बात कर रहे हैं किकबॉक्सिंग की जो एरोबिक व्यायामों का ही एक रूप है। इसमें मिक्सड मार्शल आर्ट तकनीक का प्रयोग किया जाता है। इस व्यायाम के लिए आपको किसी विशेष तकनीक की आवश्यकता नहीं होती है और यह शरीर को कई फायदे दिलाने का काम करता हैं। भारत में लोगों के लिए किकबॉक्सिंग कोई नया वर्कआउट नहीं है लेकिन इसके फायदों से अभी भी बहुत से लोग अपरिचित हैं। आज हम आपको इसी से जुड़ी जानकारी देने जा रहे हैं कि किस तरह किकबॉक्सिंग से सेहत बेहतर बनती हैं। आइये जानते हैं इनके बारे में...

**हृदय को लाभ** अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार धूम्रपान, मोटापा, उच्च रक्तचाप और गतिहीन जीवनशैली हृदय रोग को बढ़ाने वाले प्रमुख कारकों में से हैं। कार्डियो वर्कआउट जैसे व्यायाम से आप आसानी से वजन और ब्लड–प्रेशर को नियंत्रित कर सकते हैं। कार्डियो वर्कआउट रक्त में खराब कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को कम करने के साथ अच्छे कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को बढ़ाता है। यह दिल की मांसपेशियों के साथ–साथ शरीर के ऑक्सीजन के उपयोग की क्षमता में भी सुधार करता है। इसका मतलब है कि आप अपने रोजमर्रा के कामकाज को अधिक ऊर्जा और थकान महसूस किए बिना भी कर सकते हैं। यह सभी हृदय के लिए काफी लाभकारी होते हैं। **मजबूत मसल्स** अगर आप हर दिन किक बॉक्सिंग करते हैं तो आपके मसल्स काफी मजबूत होते हैं। किक बॉक्सिंग की शुरुआत में एक्सपर्ट की मदद ले सकते हैं। रोजाना किक बॉक्सिंग आपकी बॉडी को स्ट्रॉन्ग और बेहतर बनाती है। इसके कई तरह के ऐसे भी फायदे मिलते हैं, जो आपको बीमारियों से दूर रखते हैं।

# मुक्केबाजी विश्व चैम्पियनशिप: नीतू, प्रीति, मंजू प्री क्वार्टर फाइनल में



नयी दिल्ली, भारतीय मुक्केबाजों का महिला विश्व चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी है और शनिवार को तीन मुक्केबाजों ने अपने अपने मुकाबले जीतकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई ।

राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता नीतू गंघास ( 48 किलो ) ने कोरिया की डोयोन कांग को आरएससी फैसले पर हराया जबकि प्रीति ने 54 किलोवर्ग में रोमानिया की लाकरामियोआरा पेरिजोक को बंटे हुए फैसले के आधार पर 4 . 3 से शिकस्त दी ।मंजू बाम्बोरिया (66 किलो ) ने न्यूजीलैंड की सारा वेरेयू को 5 . 0 से हराया ।नीतू पिछले चरण में क्वार्टरफाइनल में हार गयी थीं, उन्होंने इस बार पहले राउंड में ही मुकाबला जीत लिया।

पहले मिनट में उन्होंने अपने 'हुक' और 'क्रास' का बखूबी इस्तेमाल किया लेकिन अंक जुटाने वाले मुक्के नहीं जड़ सकीं। फिर दोनों मुक्केबाजों ने दोनों हाथों से एक दूसरे को मुक्के जडना़ शुरू कर दिया। तुरंत ही कोरियाई मुक्केबाज कांग को पहला 'स्टैंडिंग काउंट' मिला।

नीतू ने फिर दबदबा जारी रखा और कांग को दूसरा 'स्टैंडिंग काउंट' 20 सेकेंड बाद मिला जिससे रैफरी ने मुकाबला भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में कर दिया।

पहले दौर में आरएसी (रैफरी द्वारा मुकाबला रोकना) से जीत दर्ज करने वाली प्रीति को हालांकि दूसरी जीत के दौरान मशक्कत करनी पड़ी।उन्होंने कहा, मैंने इस मुकाबले की तैयारी की थी, वह पिछली बार रजत पदक जीती थी। मैं भी साबित करना चाहती थी कि मैं किसी से कम नहीं हूं।

2022 एशियाई चैम्पियनशिप की कांस्य पदक विजेता प्रीति ने कहा, मैं शुरू में उसकी रणनीति समझने की कोशिश कर रही थी। अंतिम राउंड में मैंने रणनीति बदली। वह आक्रामक थी और संतुलन खो रही थी।प्रीति ने रोमानियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पहले राउंड में 3–2 से बढ़त बनायी। फिर हरियाणा की इस मुक्केबाज ने अपने पैरों का इस्तेमाल करते हुए रोमानियाई मुक्केबाज पर मुक्के जड़े। हालांकि दूसरे राउंड को वह 2–3 से गंवा बैठी।पर अंतिम तीन मिनट में प्रीति ने जवाबी हमले किये। इसमें दोनों मुक्केबाजों के अंक बराबर रहे जिससे मुकाबले का फैसला 'रिव्यू' से किया गया। अंत में फैसला भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में रहा।

## राशिद ने बारिश की बाधा और डबल बोगी से वापसी कर तीन शॉट की बढ़त बनायी

नयी दिल्ली, भारतीय गोल्फर राशिद खान ने शनिवार को यहां बारिश के कारण हुए ब्रेक और 'डबल बोगी' से जूझने के बावजूद डीजीसी ओपन के तीसरे दिन तीन शॉट की मजबूत बढ़त हासिल की।

राशिद (68) बीती रात शीर्ष पर चल रहे एस चिक्कारंगप्पा (74) से महज तीन शॉट पीछे थे। उन्होंने लगातार तीसरा अंडर पार राउंड खेला जिससे वह एशियाई टूर पर तीसरी जीत की उम्मीद लगाये हैं।

उन्होंने महाद्वीपीय टूर पर अंतिम जीत 2014 में दर्ज की थी जबकि पिछले दो साल वह उप विजेता रहे थे।

राशिद 11 अंडर से बढ़त बनाये हैं जबकि चिक्कारंगप्पा आठ अंडर के कुल स्कोर से दूसरे स्थान पर खिसक गये।

हनी बेसोया (65) साथी भारतीय ओम प्रकाश चौहान (73) और थाईलैंड के चापचाई निराट (71) के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर चल रहे हैं। इन तीनों का कुल स्कोर छह अंडर 210 है।

## बोपन्ना एटीपी मास्टर्स 1000 का खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनें



इंडियन वेल्स, भारत के रोहन बोपन्ना यहां बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैट एबडेन के साथ पुरुष युगल का खिताब जीतकर एटीपी मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए।

बोपन्ना अभी 43 वर्ष के हैं। उन्होंने और 35 वर्षीय एबडेन ने शनिवार को फाइनल में वेस्ले कूलहोफ और ब्रिटेन के नील स्कूपस्की की नीदरलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को 6–3, 2–6, 10–8 से हराया।

अपने 10वें एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में खेल रहे बोपन्ना ने कहा,वास्तव में विशेष। इसलिए इसे टेनिस का स्वर्ग कहा जाता है। मैं बरसों से यहां आ रहा हूं और लोगों को यहां खिताब जीतते हुए देख रहा हूं। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं कि मैं और मैट यहां खिताब जीतने में सफल रहे।

उन्होंने कहा, हमने कड़े और करीबी मैच खेले। आज हमारा सामना यहां मौजूद सर्वश्रेष्ठ टीम से था। मैं वास्तव में बहुत खुश हूं कि हम ट्रॉफी जीतने में सफल रहे।

बोपन्ना ने इस तरह कनाडा के डेनियल नेस्टर को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 2015 में सिनसिनाटी मास्टर्स में 42 साल की उम्र में खिताब जीता था।

उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा,मैंने डैनी नेस्टर से बात की और मैंने उनसे कहा कि मुझे खेद है कि मैं उनका रिकॉर्ड तोडऩे जा रहा हूं। यह खिताब हमेशा मेरे साथ रहेगा और मैं वास्तव में इससे बहुत खुश हूं।बोपन्ना का का यह कुल पांचवा और 2017 में मोंटेकाली ओपन के बाद पहला मास्टर्स 1000 युगल खिताब है। भारत और ऑस्ट्रेलिया की जोड़ी का यह इस साल तीसरा फाइनल था। बोपन्ना अब तक टूर स्तर पर कुल 24 खिताब जीत चुके हैं।

बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ने सेमीफाइनल में गत चैंपियन और दो बार के खिताब विजेता जॉन इस्नर और जैक सॉक को हराया। इससे पहले क्वार्टर फाइनल में उन्होंने कनाडा के फेलिक्स ऑगर अलीसिमे और डेनिस शापोवालोव को पराजित किया था।

भारत और ऑस्ट्रेलिया की इस जोड़ी ने अपने शुरुआती मैच में राफेल माटोस और डेविड वेगा हर्नांडेज़ को हराया था।

विश्व में पूर्व नंबर तीन खिलाड़ी बोपन्ना इस जीत से एटीपी युगल रैंकिंग में चार पायदान चढ़कर 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल में अगर राहुल विकेटकीपिंग करते हैं तो भारत की बल्लेबाजी मजबूत होगी: शास्त्री



नयी दिल्ली, पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने जून में 'द ओवल' में होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिये केएल राहुल का विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर अपना स्थान पक्का करने के लिये समर्थन किया और कहा कि उनकी मौजूदगी से टीम का बल्लेबाजी 'लाइन–अप' मजबूत होगा।राहुल का इंग्लैंड में अच्छा रिकॉर्ड है लेकिन खराब फॉर्म के कारण उन्हें घरेलू सरजमी पर आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टेस्ट के बाद अंतिम एकादश से बाहर कर दिया गया।कर्नाटक के इस 30 साल के खिलाड़ी ने हालांकि आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार की रात पहले वनडे में नाबाद 75 रन की मैच विजयी पारी खेलकर शानदार वापसी की।

शास्त्री को लगता है कि राहुल डब्ल्यूटीसी फाइनल में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज खेल सकते हैं क्योंकि ऋषभ पंत की अनुपस्थिति में केएस भरत अच्छा प्रदर्शन नहीं दिखा सके।शास्त्री ने कहा, उसने (केएल) सचमुच काफी अच्छा प्रदर्शन किया जिससे डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले चयनकर्ताओं की दिलचस्पी उनमें बनी रहेगी। उन्होंने कहा, दो चीजें हैं। पहली वनडे श्रृंखला के लिये जब रोहित शर्मा वापसी करेंगे और दूसरी डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये, जिसमें अगर राहुल विकेटकीपर करते हैं तो उनकी बल्लेबाजी मजबूत होगी।

शास्त्री ने कहा, राहुल मध्यक्रम (पाचवें और छठे नंबर) में बल्लेबाजी कर सकता है। इंग्लैंड में आपको आमतौर पर विकेटकीपिंग थोड़ी पीछे से करनी होती है। आपको ज्यादा स्पिनर नहीं लगाने पड़ते।

## एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल की जर्सी के नंबर 'रिटायर' करेगा आरसीबी

बेंगलुरू, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल द्वारा पहनी गयी जर्सी के नंबर को 'रिटायर' कर देगा जब इन दोनों महान क्रिकेटरों को 26 मार्च को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम के 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया जायेगा।

आरसीबी ने ट्वीट किया, जर्सी नंबर 17 और 333 को हमेशा के लिये 'रिटायर' (अलविदा) कर दिया जायेगा जब एबी डिविलियर्स और क्रिस गेल्स को आरसीबी के 'हॉल ऑफ फेम' में शामिल किया जायेगा। जर्सी नंबर 17 पहनने वाले डिविलियर्स आरसीबी के लिये 11 सत्र (2011 से 2021) तक खेले थे जिन्होंने फ्रेंचाइजी के लिए 156 मैचों में 4,491 रन बनाये हैं।उन्होंने नवंबर 2021 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा की थी।

## शानदार प्रदर्शन के लिये उचित तरीके से रिकवर करना महत्वपूर्ण है: शमी



मुंबई, । आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की पांच विकेट की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शीर्ष तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने गेंदबाजी के बाद 'रिकवरी' की प्रक्रिया को अहम बताया। इस दायें हाथ के तेज गेंदबाज ने शुक्रवार को पहले वनडे में छह ओवर में दो मेडन से 17 रन देकर तीन विकेट झटके जिससे भारत ने 35.4 ओवर में आस्ट्रेलिया को 188 रन पर समेट दिया और फिर यह लक्ष्य 39.5 ओवर में हासिल कर लिया।

उन्होंने कहा, योजना बहुत ही सरल थी। हमने टीम बैठकों में बात की थी कि हम अच्छी शुरूआत करेंगे, सही क्षेत्र में गेंदबाजी करेंगे , अपनी लाइन एवं लेंथ पर अडिग रहेंगे। उन्होंने कहा, गर्मी भी एक मुद्दा थी। जब हमने पहला स्पैल डाला तो बहुत गर्मी थी लेकिन बाद में जब हवा चलनी शुरु हुई इसमें थोड़ा सुधार हुआ।

अहमदबाद में आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे और अंतिम टेस्ट में गेंदबाजी के बाद उबरने के लिये वह पहले वनडे के लिये आयोजित ट्रेनिंग सत्र में भी अभ्यास नहीं कर सके थे और सीधे मैच में खेलने उतरे। इस पर शमी ने कहा, अहमदाबाद में 40 ओवर के बाद मुझे 'रिकवरी' (थकान से उबरने) के लिये एक से दो दिन की जरूरत थी। मैंने 'रिकवरी' की और मैच में खेलने उतरा।

उन्होंने कहा, टीम प्रबंधन ने स्वीकार किया कि मुझे 'रिकवरी' की जरूरत थी। हमने इतने सारे मैच खेले हैं और हमें अपने कौशल और काबिलियत का पता है। इसलिये महत्वपूर्ण था कि हम 'रिकवर' अच्छे से करेंगे और बेहतर 'परफोर्म' कर पायेंगे। 'सिराज ने भी 29 रन देकर तीन विकेट झटके थे और वह भी भारत की जीत में महत्वपूर्ण रहे थे।

उन्होंने कहा, जब मुझे नयी गेंद मिलती है तो मैं इनस्विंग डालने की कोशिश करता हूं। बायें हाथ का बल्लेबाज सामने होता है तो मैं इनस्विंग गेंदबाजी की कोशिश करता हूं। मैं पावरप्ले में ज्यादा से ज्यादा विकेट झटकने की कोशिश करता हूं। मुझे एक विकेट मिल गया। सिराज ने कहा, जब मैं 'फाइन लेग' में गया, तब आप गेंदबाजी कर रहे थे। मैं सोच रहा था कि क्या हो रहा है। मैं सोच रहा था कि क्या अंपायर ने आपको नयी गेंद दी है या क्या हुआ?

उन्होंने कहा, फिर मैं गेंदबाजी के लिये आया, गेंद अच्छी तरह 'मूव' कर रही थी। इसलिये मैंने एक ही क्षेत्र में निरंतर गेंदबाजी की कोशिश की।

# फिल्मी सफर

## पूरी हुई गदर 2 की शूटिंग, 1954 से 1971 की टाइमलाइन



गदर 2 की शूटिंग खत्म हो चुकी है। फिल्म 1954 से 1971 तक की टाइमलाइन को फॉलो करेगी और कहानी को वहीं से आगे बढ़ाएगी जहां से पहला पार्ट खत्म हुआ था। सनी देओल और अमीषा पटेल की मुख्य भूमिकाओं वाली यह फिल्म 2001 की ब्लॉकबस्टर फिल्म गदर का सीक्वल है। एक ट्रक ड्राइवर, तारा सिंह अपनी पाकिस्तानी पत्नी को वापस पाने की उसकी लड़ाई की कहानी बताने वाली इस फिल्म की बॉक्स–ऑफिस पर लगान से टक्कर हुई।

गदर 2 में पाकिस्तानी मेजर मलिक की भूमिका निभाने वाले अभिनेता रोहित चौधरी ने अपने ट्विटर पर शूटिंग खत्म होने की तस्वीरें साझा कीं।उन्होंने ट्वीट किया, पूरा हुआ। बहुप्रतीक्षित फिल्म गदर 2 की शूटिंग पूरी हो चुकी है. इसका हिस्सा बनकर बहुत खास महसूस कर रहा हूं। 11.08.2023 का इंतजार नहीं कर सकता, अब पूरी तरह तैयार हूं।

फिल्म के बारे में बात करते हुए रोहित ने कहा, जहां गदर की कहानी खत्म हुई थी, वहीं से गदर 2 की कहानी शुरू होती है। दूसरी किस्त 1954 से 1971 के बीच की है।

उन्होंने आगे कहाः कहानी के लेखक शक्तिमान तलवार, जिन्होंने गदर लिखी थी, ने इसकी पटकथा भी लिखी है। शूटिंग खत्म होने के बाद, फिल्म अब पोस्ट–प्रोडक्शन में प्रवेश कर चुकी है।

## यूके में दोबारा रिलीज हुई आरआरआर ने मचाया तहलका

एसएस राजामौली की आरआरआर पिछले लंबे वक्त से चर्चा में है। फिल्म के सुपरहिट गाने नाटू–नाटू ने बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग श्रेणी में मनोरंजन जगत के सबसे बड़े सम्मान ऑस्कर पुरस्कार को अपने नाम किया है। अब फिल्म से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आ रही है। दरअसल, ऑस्कर पुरस्कार समारोह से पहले आरआ-रआर को यूके में दोबारा रिलीज किया गया था और अब तक यहां फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 10 करोड़ रुपये हो चुका है।गौरतलब है कि फिल्म आरआ-रआर ने ऑस्कर जीतकर इतिहास रच दिया है।

फिल्म का गाना नाटू–नाटू बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग की श्रेणी में नामांकन हासिल करने वाला और जीतने वाला पहली भारतीय गाना बन गया है।

## केजीएफ 2 के बाद कन्नड़ फिल्म कब्जा का हिंदी संस्करण मचाएगा धमाल, 1,604 स्क्रीन पर रिलीज



2022 में कन्नड़ फिल्म केजीएफ 2 और कांतारा के हिंदी संस्करण की जबरदस्त सफलता के बाद से कन्नड़ निर्माताओं में अपनी फिल्मों को हिंदी में रिलीज करने के होड़ लगी है। किच्चा सुदीप की पैन इंडिया फिल्म अंडरवर्ल्ड का कब्जा भी सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है, जिसे हिंदी सहित कन्नड़, तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषाओं में रिलीज किया गया है। फिल्ममेकर आनंद पंडित ने इस फिल्म के जरिए दक्षिण भारतीय सिनेमा में डेब्यू किया है।ट्रेड एनालिस्ट तरण आर्दश के मुताबिक, कब्जा को हिंदी में 1,604 स्क्रीन पर रिलीज किया गया है। इस फिल्म को ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक पहुंचाने के लिए निर्माताओं ने इसकी टिकट भी सस्ते दामों पर बेचने का फैसला किया है। फिल्म कब्जा उपेंद्र, श्रिया सरन और किच्चा अभिनीत माफिया की दुनिया के बारे में एक कहानी है। कब्जा से अलग रानी मुखर्जी की मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे केवल भारत में 535 स्क्रीन पर ही रिलीज हुई है।लेकिन कब्जा रिलीज के साथ ही पायरेसी का शिकार हो गई है. 17 मार्च को रिलीज हुई ये फिल्म इसी दिन ऑनलाइन लीक हो गई. आर चंद्रू द्वारा निर्देशित कब्जा एक एक्शन ड्रामा फिल्म है. इसके पहले दिन अच्छी कमाई करने की उम्मीद है.

आपको बता दें कब्जा कोई पहली फिल्म नहीं को पायरेसी का शिकार हुई है, आज ही रानी मुखर्जी की फिल्म ह्यमिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वेह्व भी रिलीज हुई और ये फिल्म भी ऑनलाइन लीक का शिकार हो गई. वहीं इससे पहले भी तमाम बॉलीवुड और साउथ फिल्में इस गंभीर अपराध का शिकार हो चुकी हैं.

कब्जा को देखने के लिए दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है, लेकिन लीक के बाद इस जश्न में थोड़ी सेंध लग सकती है. तमिलरॉकर्स और मूवीरुलज़ पर एचडी क्वालिटी में इस फिल्म को ऑनलाइन लीक किया गया है. हाल ही में पायरेसी का शिकार हुई फिल्मों की लंबी लिस्ट है जिसमें तू झूठी मैं मक्कार, मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे, ज्विगाटो, वाथी, वाल्टेयर वीरय्या, पठान, एंट–मैन 3, थुनिवु, अवतारः द वे ऑफ वॉटर, भेडिया़, सलाम वेंकी जैसी फिल्में शामिल हैं.

## सिल्वर कलर के डीपनेक गाउन में पलक तिवारी ने दिए स्टनिंग पोज, तस्वीरों से निगाहें हटाना मुश्किल



टीवी इंडस्ट्री की नामचीन एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी अपनी मां की तरह ही काफी नाम कमा रही हैं। उनकी बोल्डनेस से भरी तस्वीरें सोशल मीडिया पर कहर बरपाए रहती हैं। फैंस उनकी तस्वीरों का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। वहीं, सिल्वर कलर के गाउन में एक्ट्रेस पलक तिवारी बेहद ही स्टनिंग लग रही हैं। एक्ट्रेस पलक तिवारी अपने कातिलाना अंदाज से फैंस के दिलों पर कहर बरपाने का हुनर बखूबी जानती हैं। पलक तिवारी सिल्वर कलर के डीपनेक गाउन में बेहद ही चार्मिंग लग रही हैं। उनकी किलर तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। लाइट मेकअप और स्टाइलिश हेयर स्टाइल में एक्ट्रेस पलक तिवारी बेहद ही गॉर्जियस लग रही हैं। अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से फैंस के दिलों की धडक़नें बढ़ाए हुए हैं। उनकी तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। बेहद ही कम समय में इस मुकाम को हासिल करने वाली पलक तिवारी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होती हैं। पलक तिवारी अपनी मां श्वेता तिवारी की तरह ही बेहद खूबसूरत हैं। पलक फिल्म रोजीः द सैफ्रॉन चैप्टर से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली हैं। इसके अलावा वो सलमान खान की फिल्म किसी का भाई किसी की जान में भी नजर आ सकती हैं। पलक तिवारी आदित्य सील के साथ मंगता है क्या गाने में भी काम कर चुकी हैं। पंजाबी सिंगर हार्डी संधू के साथ पलक ने बिजली बिजली सॉन्ग किया है। ये गाना इतना पॉपुलर हुआ कि उनका नाम फैंस बिजली गर्ल ही बुलाने लगे।

## फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आएंगे भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया



बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री आलिया भट्ट और एक्टर रणवीर सिंह जल्द ही मूवी रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में दिखाई देने वाले है। उनकी यह मूवी इसी वर्ष जुलाई में रिलीज होने वाली है, जिसके लिए फैंस भी बहुत उत्साहित हैं। खास बात तो यह है कि रिलीज से कुछ माह पहले ही रॉकी रानी की प्रेम कहानी टीवी के दो दिग्गज सितारों की भी एंट्री हुई है। ये दिग्गज सितारे कोई और नहीं बल्कि कॉमेडी की दुनिया की चीन भारती सिंह और उनके पति हर्ष लिम्बाच्या हैं। मूवी में दोनों अहम रोल अदा कर सकते हैं और इस बात की सूचना भी खुद भारती सिंह ने दी है।

रणवीर सिंह और आलिया भट्ट की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में भारती सिंह और हर्ष लिम्बाच्या कैमियो रोल भी प्ले कर सकते है। इस बात की सूचना देते हुए भारती सिंह ने कहा था कि उन्हें करण जौहर की टीम की ओर से फोन आ गया था। इस बारे में बात करते हुए भारती सिंह ने बोला था, एक दिन अचानक मेरे पास करण जौहर की टीम की ओर से फोन आया। उन्होंने कहा है कि रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में एक विज्ञापन है, जिसमें वह और हर्ष लिम्बाच्या कैमियो अदा कर सकते हैं। भारती सिंह ने कहा है कि रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के सेट पर उन्हें श्रद्धा आर्या भी मिल गई थी। बता दें कि भारती सिंह और हर्ष लिम्बाच्या से पहले भी रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में कई टीवी सितारों की एंट्री हो गई थी। इस लिस्ट में अर्जित तनेजा, सृति झा, जन्नत जुबैर और अर्जुन बिजलानी का नाम भी शामिल है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com